
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



BATTERY ZONE
Deals in : All Types of Battery and Invertor
Mob. 9109013555


Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)



वर्ष- 15 अंक - 218 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 22 मई 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### छत्तीसगढ़ में पूर्व विधायक समेत 10 पर मामला दर्ज, ईसाई कब्रिस्तान की जमीन खरीद-बिक्री का मामला

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के पाली तानाखार के पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा और उनके बेटे समेत 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने ईसाई कब्रिस्तान के नाम दर्ज जमीन की खरीद-बिक्री मामले में एक मामला दर्ज किया है। आरोप है कि केरकेट्टा समेत इन सभी लोगों ने बिलासपुर में ईसाई कब्रिस्तान के नाम दर्ज जमीन के राजस्व रिकॉर्ड में कूटरचना और षडयंत्र कर खरीद-बिक्री की। अदालत के आदेश के बाद सिविल लाइन पुलिस ने यह मामला दर्ज किया।

वर्ष 2018 में चुनाव जीतकर विधायक बने मोहितराम को मुख्यमंत्री अधोसंरचना उन्नयन और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था। आरोप है कि मोहितराम ने पद का दुरुपयोग कर बिलासपुर में कुदुदंड के चर्च ऑफ क्राइस्ट मिशन इन इंडिया के कब्रिस्तान के नाम पर दर्ज करीब एक एकड़ जमीन की खरीद अपने बेटे शंकर केरकेट्टा के नाम पर की थी।

जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने बताया कि जमीन की कीमत चार से पांच करोड़ रुपए है। इसी मूल्य में सौदा करने के बाद आपसी सौदा मूल्य 99 लाख रुपए बताया गया है। मामले को लेकर उन्होंने सिविल लाइन पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद प्रार्थी ने इसकी शिकायत न्यायलय में की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बैरन उर्फ बिरन साय कुजुर निवासी चर्च आफ खाइस्ट मिशन कम्पाउण्ड कुदूदण्ड, बिरिम साय टोप्पो, दीपक फ्लिमोन निवासी टिकरापारा, महावीर कुजूर निवासी उस्लापुर, हेमिल्टन थॉमस निवासी ओमनगर जरहाभाठा, जेडब्लू दास निवासी रायपुर, पुष्पा मिंज निवासी उस्लापुर, अरूण टोप्पो, पूर्व विधायक मोहितराम केरकेट्टा व उनके बेटे शंकर केरकेटटा निवासी उरांवपारा पोलमी थाना पाली के खिलाफ धारा 403, 406, 420, 467, 468,120बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### बंदूक सफाई के दौरान चली गली, घायल जवान रायपुर रेफर

**नारायणपुर।** सर्विस राइफल की सफाई के दौरान चली गोली से आईटीबीपी का एक जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे गम्भीर हालत में नारायणपुर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जवान की हालत नाजुक बनी हुई है। एडिशनल एसपी ने घटना की पुष्टि की है।

बताया जा रहा है कि आइटीबीपी जवान को गोली उस वक्त लगी जब वह सर्विस राइफल की सफाई कर रहा है। गोली लगने के बाद जवान फर्श पर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर दूसरे जवान घटनास्थल पर पहुंचे तो जवान को लहूलुहान फर्श पर गिरा पाया। आनन-फानन में जवान को नारायणपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर के लिए रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि आइटीबीपी जवान की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना पर एसपी ने कहा, मिस हैंडलिंग की वजह से घटना हुई है। आइटीबीपी का घायल जवान केरल के कौल्लम जिले का निवासी है।

# नतीजों से पहले ही सक्रिय हुए दावेदार

## रायपुर की जीत तय मान रही है भाजपा, कांग्रेसी भी टिकट जुगाड़ में लगे


श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

रायपुर। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने में अभी भी काफी वक्त है, लेकिन इससे पहले ही उपचुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि चुनाव नतीजों के बाद कुछ सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव हो सकते हैं। इसी के मद्देनजर टिकट के दावेदारों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सबसे ज्यादा आश्वस्ती रायपुर सीट को लेकर जताई जा रही है, जहां से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल चुनाव मैदान में हैं। उनकी जीत को तय मानकर दावेदारों ने न केवल अपनी सक्रियता बढ़ा दी है, बल्कि वरिष्ठ नेताओं तक अपनी दावेदारी पहुंचाने में भी जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ में कुल 4 विधायक इस बार लोकसभा चुनाव मैदान में हैं। इनमें बृजमोहन के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव व बस्तर की कोंटा सीट से विधायक कवासी लखमा शामिल हैं।

रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल की जीत को तय मानते हुए न केवल भाजपा बल्कि कांग्रेस के दावेदार भी टिकट के जुगाड़ में लग गए हैं। भाजपा नेताओं का दावा है कि बृजमोहन बड़े अंतर से जीत दर्ज करने जा रहे हैं। 8 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल की मौजूदगी के चलते रायपुर दक्षिण सीट पर दावेदार सामने आने से परहेज करते रहे लेकिन अब बृजमोहन की लोकसभा चुनाव में जीत को तय मानकर इस क्षेत्र के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से भी कई नेताओं ने दावेदारी करना शुरू कर दिया है। हालांकि पार्टी सूत्रों का दावा है कि उपचुनाव की स्थिति में भाजपा बेदाग व नए चेहरे को तवज्जो दे सकती है। भाजपा ने भविष्य में रिक्त होने वाली रायपुर दक्षिण सीट को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी है। कई लोग लॉबिंग में जुटे हैं तो कई दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि टिकट पर अंतिम मुहर दिल्ली में ही लगनी है।

### 6 माह में होंगे उपचुनाव

यदि राज्य में विधानसभा के उपचुनाव की नौबत आती है तो इन चुनावों को 6 माह के भीतर निपटाना अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में स्थानीय निकायों के चुनाव भी करीब 6 माह बाद होने हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि स्थानीय निकायों के चुनावों के साथ ही उपचुनाव भी करवाए जा सकते हैं। हालांकि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि कितनी सीटों पर उपचुनाव होंगे। लेकिन राजनीतिक दलों ने अपने स्तर पर इसके लिए तैयारियां जरूर शुरू कर दी है। कांग्रेस के दावे को सही मानें तो राजनांदगांव में भूपेश बघेल की जीत की स्थिति में पाटन क्षेत्र में उपचुनाव होगा। भूपेश कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में हैं, ऐसे में उनके क्षेत्र में कोई नया और जिताऊ प्रत्याशी तलाशना पार्टी के लिए टेढ़ी खीर होगी। वहीं कोंटा विधायक कवासी लखमा की जीत की स्थिति में भी लखमा परिवार से ही किसी को टिकट दी जा सकती है।




### नए-पुराने नेताओं ने ठोकी ताल

दोनों ही पार्टी भाजपा और कांग्रेस में इस समय सबसे ज्यादा दावेदारी पुराने और वर्तमान पार्षद करने लगे हैं। उन्होंने अभी से अपने समर्थकों को बताना शुरू कर दिया है कि इस बार वे टिकट जरूर लेकर रहेंगे। क्योंकि कई सालों से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी दावेदारों की शिकायतें भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं तक अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के जरिए भिजवाना शुरू कर दी है। दक्षिण विधानसभा सीट से टिकट की दावेदारी को लेकर दोनों ही पार्टी के संगठन के पदाधिकारी भी अभी से सक्रिय हो गए हैं। भाजपा के कुछ पदाधिकारियों ने तो सामाजिक स्तर पर भी लॉबिंग शुरू कर दी है। साथ ही, पार्टी के बड़े नेताओं तक उनके समाज द्वारा क्षेत्र में किए गए सामाजिक और जनहित कार्यों का बखान भी करने लगे हैं। साथ ही अन्य प्रमुख लोगों को अपने नाम की दावेदारी बताने को कह रहे हैं।

### कांग्रेस से 3 विधायक मैदान में

एक ओर जहां भाजपा ने रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल को मैदान में उतारा था तो दूसरी ओर कांग्रेस ने भी अपने 3 विधायकों को टिकट देकर चुनावी माहौल का रंग गहराने की कोशिश की। उसके 3 विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पाटन से तो कवासी लखमा बस्तर के कोंटा सीट से विधायक हैं। वहीं भिलाई नगर के युवा विधायक देवेन्द्र यादव को बिलासपुर से टिकट दी गई है। कांग्रेस के जानकारों का दावा है कि इन तीनों में से दो विधायक भूपेश बघेल राजनांदगांव में तो कवासी लखमा बस्तर में कड़ी टक्कर देने की स्थिति में हैं। यदि इन दोनों सीटों में भी कुछ उलटफेर होता है तो यहां भी उपचुनाव के हालात निर्मित होंगे। गौरतलब है कि भाजपा ने राज्य की सभी 11 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था और पार्टी के नेता सभी सीटें जीतने का दावा भी कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस भी 4 से 5 सीटें जीतने की बात कह रही है।

### नए और बेदाग चेहरे को वरीयता

इधर, भाजपा में चर्चा है कि रायपुर दक्षिण सीट खाली होने पर किसी ऐसे चेहरे को टिकट जाएगा, जो एकदम से नया चेहरा और बेदाग छवि है। साथ ही, क्षेत्र में लोग उन्हें जानते हो। ताकि सीट को आसानी से निकाला जा सके। वहीं, कांग्रेस में भी किसी ऐसे चेहरे को टिकट मिल सकता है, जो नए चेहरे के साथ भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देकर चुनाव जीत सकें। रायपुर लोकसभा सीट से बृजमोहन अग्रवाल के चुनाव जीतने के बाद दिसंबर में ही उपचुनाव हो सकता है। किसी भी सीट के खाली होने पर छह माह में चुनाव कराने का प्रावधान है। क्योंकि लोकसभा चुनाव के छह माह बाद नगरीय निकायों का चुनाव भी होना है। इसलिए दोनों चुनाव एक साथ कराने की संभावना ज्यादा है। हालांकि यह स्थिति फिलहाल सिर्फ रायपुर सीट को लेकर ही है, लेकिन कांग्रेस दावा कर रही है कि उसके भी कुछ विधायक चुनाव जीत सकते हैं।

## भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री गोपीचंद ने स्पेसशिप पर दिखाया तिरंगा, वीडियो में ऐसे जताई खुशी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय मूल के पायलट गोपीचंद थोटाकुरा समेत छह लोगों ने रविवार को अंतरिक्ष की सैर की। ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट और कैप्सूल (एनएस-25) ने सभी छह अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अमेरिका के पश्चिमी टेक्सास से स्थानीय समय के अनुसार रविवार सुबह 9.36 बजे उड़ान भरी। इसी के साथ भारतीय मूल के पायलट गोपीचंद थोटाकुरा ने ब्लू ओरिजिन के एनएस -25 मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनकर इतिहास रच दिया। ब्लू ओरिजिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में थोटाकुरा अंतरिक्ष में एक छोटा भारतीय झंडा दिखाते हुए दिख रहे थे।



छह लोगों की इस टीम में अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल थे। उन्होंने 60 साल बाद अंतरिक्ष की उड़ान भरी। बता दें कि अमेरिकी वायुसेना में कैप्टन रहे एड ड्विट का अंतरिक्ष यात्री के रूप में 1961 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चुनाव किया था, लेकिन किसी कारण से वह 1963 में अमेरिकी उड़ान में नहीं जा सके थे।

अंतरिक्ष यात्रियों में गोपी थोटाकुरा और एड ड्विट के अलावा उद्यमी मेसन एंजेल, फ्रांसीसी शराब कंपनी मोंट-ब्लैंक के संस्थापक सिल्वेन चिरोन, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उद्यमी केनेथ एल हेस और सेवानिवृत्त लेखाकार कैरोल स्कॉलर शामिल थे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले पति-पत्नी को ट्रैक्टर ने कुचला, मौत

श्रीकंचनपथन न्यूज




**भिलाई।** नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदिनी बायपास रोड पर दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह-सुबह सड़क पर टहल रहे दंपति ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आ गए। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं पुरुष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घटना सुबह लगभग 6 बजे के आसपास की है। नंदिनी बाईपास पर आशा स्टूडियो के संचालक नूमान साहू अपनी पत्नी प्रीति साहू और नाती के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इसी दौरान खाद से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क से गुजर रही थी। तभी ट्रैक्टर और ट्रॉली को जोड़ने वाला ज्वाइंटर निकल गया, जिससे ट्रैक्टर ने अपना संतुलन खो दिया और सड़क किनारे चल रहे दंपति को कुचल दिया।

एक्सीडेंट के बाद पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में पत्नी की मौके पर मौत हो गई जबकि पति को गंभीर हालत में अहिवारा के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान पति ने भी दम तोड़ दिया। घटना के दौरान महिला के हाथ में छोटा बच्चा भी था लेकिन टक्कर लगने के बाद वह दूर जा गिरा जिससे उसकी जान बच गई। नंदिनी टीआई राजेश साहू ने बताया कि आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ304 का केस दर्ज किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

वहीं दूसरी घटना भी नंदिनी थाना क्षेत्र के ग्राम गिरहोला में हुई है। एक बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बाइक सवार 51 वर्षीय मोतीलाल पात्रे ग्राम पीतौरा का निवासी था। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## छत्तीसगढ़ में 13 जून को पहुंचेगा मानसून! पारा 43 डिग्री हुआ पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी के बीच एक राहत की खबर है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 13 से 15 जून तक मानसून की संभावना जताई जा रही है। मानसून की दस्तक के साथ ही लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं आज रायपुर संभाग के दो जिलों और बस्तर संभाग के कुछ जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही प्रदेश में अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक बढ़ोतरी की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यहां यह जानकारी दी। मौसम कार्यालय ने कहा, दक्षिण पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसून के 13 से 15 जून के करीब पहुंचने की संभावना है।



छत्तीसगढ़ के जिलों में अधिकतम तापमान 33 डिग्री से लेकर 43 डिग्री दर्ज किया गया है। रविवार को प्रदेश का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सबसे ज्यादा तापमान दुर्ग में 42.2 डिग्री सेल्सियस तथा सबसे कम तापमान नारायणपुर में 19.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

इसके साथ ही रायपुर सहित प्रदेश के तापमान की बात करें तो रायपुर का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस रहा है। माना एयरपोर्ट पर अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बिलासपुर का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री, पेंड्रा रोड का अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री, अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री, जगदलपुर का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री, दुर्ग का अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री, राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया है।

## असामाजिक हो चला है सोशल मीडिया

श्रीकंचनपथ



गुस्ताखी माफ

- दीपक रंजन दास

सोशल मीडिया के केवल नाम में ही 'सोशल' है वरना सामाजिकता से इसका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है। इसकी हालत उस पागल से भी बदतर है जो चौक-चौराहे पर खड़ा होकर चीखता-चिल्लाता और गालियां दे रहा होता है। पागल को अधिकांश लोग सीरियसली नहीं लेते। पर सोशल मीडिया के साथ ऐसा नहीं है। कुछ लोगों के लिए सोशल मीडिया ही सबकुछ है। अखबार तो लोग आधा-एक घंटा ही पढ़ते होंगे पर सोशल मीडिया दिन भर उसका मनोरंजन करता है। यहां कोई चीख-चीख कर सच बता रहा होता है तो कोई पानी पी-पी कर किसी को कोस रहा होता है। इतिहास की तो नई क्लास ही खुल गई है। कोई इनसे नहीं पूछता कि उनकी जानकारी का स्रोत क्या है? क्या उसने कर्णपिशाचिनी सिद्ध किया हुआ है जो उसके कान में आकर सच बता जाती है। अज्ञात को छोड़ भी दें तो ज्ञात और लिखित इतिहास की भी ये ऐसी-ऐसी व्याख्या करते हैं कि इनके दिमाग की बोली लगाने को मन करने लगता है। आम तौर पर इनके निशाने पर राजनेता होते हैं। किसी को ये महिमामंडित कर रहे होते हैं तो किसी की मिट्टी पलीद कर रहे होते हैं। इनका भाषा ज्ञान तो कमाल का है। न जाने कहां से ऐसे-ऐसे शब्द खोज लाते हैं जो कानों में पिघले शीशे की तरह पड़ते हैं और दिल को चीर जाते हैं। एक ऐसा ही वाकया हुआ था तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में। एक आईटी प्रोफेशनल अपने बच्चे को स्तनपान करा रही थी। वह अपार्टमेंट की चौथी मंजिल पर थी। तभी बच्चा उसके हाथ से छूट जाता है और नीचे गिर जाता है। गनीमत है कि बच्चा शेड पर अटक जाता है और लोग किसी तरह उसे बचा लेते हैं। पर इसके बाद सोशल मीडिया के महाज्ञानी पंडित लग जाते हैं मां को कोसने। वह उस मां को इतना कोसते हैं कि वह डिप्रेशन में चली जाती है। सोशल मीडिया के ज्ञानियों को क्या पता कि एक मां का दिल क्या होता है? उसकी भावनाएं कैसी होती हैं? बच्चे के गिरने के बाद से उसके दिल पर क्या गुजर रही होगी। यदि बच्चे को कुछ हो जाता तो क्या वह जिन्दगी भर खुद को माफ कर पाती? यह एक हादसा था। एक ऐसा हादसा जो किसी के भी साथ हो सकता था। ऐसे हादसे पहले भी हुए हैं और फिर हो सकते हैं। पर इसका मतलब यह तो नहीं कि आप मां को इतना प्रताड़ित कर दो कि वह आत्महत्या कर ले। 28 अप्रैल की इस घटना के बाद सोशल मीडिया ने महिला को इतना जलील किया कि 19 मई को उसने कोयम्बतूर स्थित अपने मायके में खुदकुशी कर ली। कायदे से तो ट्रोलर्स को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी मानना चाहिए। टीवी चैनल के डेढ़ होशियार संवेदनाशून्य कथित पत्रकारों को भी कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। सभ्य समाज में ऐसी मानसिकता को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।


Digital Display Board
के माध्यम से
अपने व्यवसाय को दे
नई पहचान...

19 एलईडी स्क्रीन वॉल
बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी
Harsh Media Advertisers
- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासपुर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली
Bhagat singh Chowk, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

# हिंसा अक्षम्य

मतदान के बस दो चरण शेष हैं और मतगणना की ओर बढ़ते देश में विशेष रूप से पुलिस प्रशासन को सचेत और चौकस रहना होगा। यह बहुत दुखद और शर्मनाक है कि बिहार के छपरा शहर में मतदान में कथित अनियमितता को लेकर भाजपा व राजद के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा में एक की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।

> सारण लोकसभा सीट पर सोमवार को ही मतदान हुआ है और पार्टी कार्यकर्ताओं में बेचैनी गौरतलब है। मगर बेचैनी अगर हिंसा पर उतारू होगी, तो जाहिर है, अप्रिय स्थिति बन जाएगी। कम से कम दो दशक बाद बिहार में इस तरह का तनाव दिखा है, तो पूरे प्रशासन को अमन-चैन बहाल रखने के लिए सक्रिय हो जाना चाहिए। जब टक्कर कांटे की होती है, तब एक-एक वोट के लिए संघर्षपूर्ण स्थिति बन जाती है।

चुनाव में वोट लेने के लिए परस्पर सियासी संघर्ष की स्थिति तो ठीक है, लेकिन हिंसा का सहारा कोई नहीं ले सकता। आधुनिक दौर में अगर चुनाव की वजह से किसी की जान चली जाए, तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता। जो लोग चुनाव से खिलवाड़ कर रहे या मतगणना बाद कुछ गड़बड़ी करने की सोच रहे हैं, उनके प्रति तो किसी भी तरह की रियायत नहीं बरतनी चाहिए।

एक समय था, जब देश में चुनाव होते थे, तब कहीं-कहीं ताकत का खेल खूब होता था, लेकिन अब लोकतांत्रिक फैसलों में ताकत के इस्तेमाल के लिए कोई जगह नहीं है। सारण में प्रशासन ने दो दिन के लिए इंटरनेट सेवाओं को भी निलंबित कर दिया है। हिंसाग्रस्त इलाकों में अफवाह फैलने और उसका दुष्प्रभाव होने की आशंका रहती है। अत: आदतन हिंसा करने वालों या हिंसा के लिए जिम्मेदार किसी भी उग्र व्यक्ति पर अंकुश जरूरी है। जो कार्यकर्ता हिंसा के जरिये अपनी निष्ठा का प्रदर्शन करना चाहते हैं, उन पर निश्चित ही लगाम लगनी चाहिए। तमाम दलों को यह भी देखना चाहिए कि हिंसक कार्यकर्ता वास्तव में लाभ की तुलना में अपनी पार्टी को नुकसान ही ज्यादा पहुंचाते हैं। सहज और सभ्य कार्यकर्ताओं के बल पर ही पार्टी अपने लिए ज्यादा से ज्यादा वोट बटोरती है। ध्यान दीजिए, पश्चिम बंगाल में लगभग हर चरण में पार्टी कार्यकर्ताओं या समर्थकों के बीच झड़प हो रही है। बंगाल की सियासत के साथ हिंसा का पहलू जुड़ा हुआ है, लेकिन बिहार ने तो बड़ी मुश्किल से इस स्याह पहलू से अपना दामन छुड़ाया है। फिर चुनावी हिंसा की ओर लौटने कोई गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए।

वैसे चुनाव का तनाव एकाधिक राज्यों में साफ दिखने लगा है। परिणामों का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन सब्र और निगरानी की सबसे ज्यादा जरूरत है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव की सभाओं में भगदड़ की स्थिति भी चिंता बढ़ाती है। पुलिस व प्रशासन को विशेष रूप से एहतियाती कदम उठाने चाहिए। सभाओं में भगदड़ का आखिर क्या मकसद है? क्या पार्टी की सभाओं में इतनी भीड़ जुटने लगी है कि स्वाभाविक ही भगदड़ की स्थिति बन जा रही है? ऐसे में, प्रशासन को सावधान हो जाना चाहिए, उतनी ही भीड़ जुटनी चाहिए, जितनी संभल में आ सके। भीड़ पर लाठी बरसाने का फैसला तो और भी विचारणीय है। भीड़ के बीच असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर शिकंजा कसना ज्यादा सभ्य व न्यायपूर्ण कदम है। नेताओं को भी हिंसा के प्रति सचेत रहना चाहिए, क्योंकि अमन-चैन के लिए वे भी पुलिस व प्रशासन के समान ही जिम्मेदार हैं।

## हकीकत जल्द स्पष्ट होगी




सुप्रीम कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग से पूछा है कि चुनाव होने के काफी दिनों बाद बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत क्यों जारी किया जा रहा है। इस बात को समझाया जाए। शीर्ष अदालत ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आयोग से कहा कि वह 24 मई तक अपना पक्ष रखे।

एडीआर ने अपनी याचिका में मांग की है कि आयोग को चुनाव होने के दो दिन के भीतर ही अंतिम आंकड़े जारी करने को कहा जाए। यहीं संशय की स्थिति बनी और विपक्ष ने मतदान के आंकड़े देरी से जारी करने को चुनाव में मुद्दा बना लिया है। दरअसल, एक चरण के अंतिम आंकड़े आने पर एक करोड़ वोट बढ़ जाने से हर कोई चौंका है, और आम मतदाता के गले निर्वाचन आयोग की यह दलील नहीं उतर रही है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ जाना सामान्य बात है।

निर्वाचन आयोग मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर रहा है, तो मतदान 5-6 प्रतिशत बढ़ा हुआ आ रहा है। एडीआर की याचिका पर राजनीतिक माइलेज लेने की गरज से विपक्ष इस कृत्य को भाजपा के लिए मददगार करार देने में जुट गया है।

हालांकि इससे पहले वह ईवीएम के मुद्दे को लेकर भी खासा मुखर हुआ था और ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए शीर्ष अदालत जा पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में स्पष्ट फैसला देते हुए विपक्ष के इस उपक्रम पर रोक लगा दी तो ईवीएम की विश्वसनीयता पर संदेह करके निर्वाचन आयोग और सत्ता पक्ष को घेरना विपक्ष के लिए मुमकिन नहीं रह गया है।

ले-दे के मतदान प्रतिशत के आंकड़े देरी से जारी करने का मुद्दा विपक्ष के सामने बच रहा जिसे वह भुनाने में जुट गया है। हालांकि वह अभी तक प्रभावी तरीके से मतदान प्रतिशत के आंकड़े में विलंब का मुद्दा नहीं उठा पाया है। फिर भी उसकी कोशिश जारी है कि कुछ सरकारी एजेंसियों की तरह संवैधानिक संस्थाओं और निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता पर सवाल उठाते हुए उन्हें सरकार का मददगार बताए।

मतदाता को चुनाव में लेवल प्लेइंग फील्ड न होने का यकीन दिला कर उसकी हमदर्दी हासिल करे। यदि सफल रहता है तो उसे अपने पक्ष में ज्यादा मतदान करा ले जाने की संभावना दिखलाई पड़ रही है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर की याचिका पर जो व्यवस्था दी है, उससे लगता है कि मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में देरी की हकीकत जल्द स्पष्ट होगी।

**(आरएनएस)**

नजरिया

# दक्षिण के सूबों में सद्भाव और समावेश की सजग सियासत

*अनेक विद्वान दक्षिण भारत में समाज को ज्यादा सद्भावी मानते हैं और यही बात वहां की राजनीति में साफ झलकती है। पिछले सप्ताह चेन्नई में एक सहकर्मी ने मुझे अपनी शादी में आमंत्रित किया। दो पृष्ठों के सरल निमंत्रण पत्र में बताया गया था कि मुख्य समारोह चर्च में है। रोमन कैथोलिक दूल्हे ने मेरे सवालों के जवाब में बताया कि उसके परिवार ने विवाह संस्कार और समारोह की योजना कैसे बनाई है।*

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार



हिंदू विवाह के रीति-रिवाजों का पालन उनका परिवार करता रहा है। मिसाल के लिए, दूल्हे ने कहा कि यह एक 'अरेंज मैरिज' है और ज्योतिषी ने दूल्हा-दुल्हन की कुंडली का मिलान भी किया है। राशि, नक्षत्र सब देखने के बाद ही विवाह को मंजूरी दी है।

मेरी उत्सुकता बढ़ी, तो मुझे यह भी पता चला कि दूल्हा अपनी दुल्हन के गले में मंगलसूत्र भी बांधेगा, माथे पर सिंदूर भी लगाएगा, फूलों और पीले अक्षत की वर्षा भी होगी। साफ तौर पर ऐसा विवाह ईसाई और हिंदू रीति-रिवाजों का मिश्रण है। ऐसे विवाह का यह कोई इकलौता मामला नहीं है, दक्षिण भारत में कई ईसाइयों ने अपनी विवाह परंपराओं में हिंदू रिवाजों का समावेश कर लिया है। तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों में मुस्लिम महिलाओं को मंगलसूत्र पहने देखना असामान्य नहीं है। दक्षिण के कई हिस्सों में हिंदू, ईसाई और मुस्लिम सदियों से साथ रहते आए हैं और अपनी प्रथाओं को साझा करते रहे हैं। उदाहरण के लिए, किसी चर्च के पास से गुजरते हुए हिंदू पुरुषों और महिलाओं का खुद को क्रॉस करना असामान्य नहीं है। यहां अंतरधार्मिक परंपराएं और विवाह भी आम हैं। वास्तव में, अच्छी प्रथाओं के साथ दहेज जैसी कुछ कुरीतियां भी आ गई हैं, पर यह एक अलग कहानी है।

यह सच है कि देश के अधिकांश समुदायों ने राजनीति के विषैले संदेशों को नजरअंदाज कर दिया है और रोजगार, महंगाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है। दूसरी ओर, एक बड़ी आबादी है, जो कड़वे प्रचार और बांटने वाली राजनीति पर ध्यान दे रही है। राहत देने वाली बात यह है कि ध्रुवीकरण की तीव्रता अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग है। दक्षिणी राज्यों में धार्मिक ध्रुवीकरण का बहुत कम प्रभाव पड़ा है और 2024 कोई अपवाद नहीं है।

केरल में दक्षिणपंथी समूहों द्वारा राजनीति में ध्रुवीकरण की कोशिशें की गई हैं, पर उनको ज्यादा सफलता मिलती नहीं दिख रही है। पिछले हफ्ते दक्षिण के सुपरस्टार ममूटी को एक भूमिका के लिए बेरहमी से ट्रोल किया गया, इस फिल्म में ममूटी ने ऊंची जाति के कट्टर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है। ट्रोल करने वालों ने उन पर हिंदू धर्म को अपमानित करने का आरोप लगाया और उनकी मजहबी पहचान को भी निशाना बनाया।

तमिलनाडु में राजनीतिक वर्ग समावेशी राजनीति अपनाने के प्रति गहराई से जागरूक है। यहां दक्षिणपंथियों ने भी खुले तौर पर धार्मिक मुद्दों से दूरी बनाए रखी है।

आंध्र प्रदेश में भी सभी दलों ने सांप्रदायिक चर्चा से परहेज किया है, क्योंकि राज्य में विशाल अल्पसंख्यक आबादी रहती है। तेलुगु देशम और वाईएसआरसीपी, दोनों चुनावों में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। यहां विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं। मुकाबले में मजबूत दोनों पार्टियों ने अल्पसंख्यक अधिकारों का समर्थन किया। यहां तक कि तेलंगाना में मुस्लिम आरक्षण की चर्चा करने वाले प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश में इसकी बात नहीं की।

हालांकि, तेलंगाना में एआईएमआईएम की मौजूदगी ने माहौल गरमा दिया। बीआरएस की गिरावट के बाद मौका भांपते हुए भाजपा ने गहन प्रचार अभियान चलाया है। पूरी तरह से मोदी मैजिक पर टिकी भाजपा राज्य में भारी बहुमत की उम्मीद कर रही है।

पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भी भाजपा नरेंद्र मोदी को एकमात्र मुक्तिदाता के रूप में देख रही है, क्योंकि विधानसभा चुनावों में हार के बाद से भाजपा दोबारा संगठित होने में कामयाब नहीं हो पाई है। यहां पार्टी अभी भी बंटी हुई है। रेवन्ना मामले ने जद(एस) के साथ भाजपा के गठबंधन की चमक फीकी कर दी है। राज्य में भाजपा शासन के दौरान हिजाब, हलाल और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण को लेकर विवाद फिर सिर उठाने लगा है। यहां मुसलमानों को आरक्षण एक मुद्दा है।

कुल मिलाकर, दक्षिणी राज्यों में ध्रुवीकरण की वैसी कोशिशें नहीं देखी गईं, जैसी उत्तर में देखी गई। कारण सरल है- राजनीतिक दल उन मुद्दों को उठाने की परवाह नहीं करते, जो जमीन पर नहीं गूंजते।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# ऐसी चौड़ी सड़कें तो किसी काम की नहीं

सुनील दास

**इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि राजधानी की सड़के चौड़ी होनी चाहिए ताकि लोगों व वाहनों का आवागमन सुगमता से हो सके। कहीं पर भी जाम न लगे। जाम के कारण लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।रायपुर के राजधानी बनने के बाद शहर की आबादी बढ़ी है, शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही बाइक, आटो,कारों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इसलिए राजधानी की सड़कों का चौड़ीकरण जरूरी है और शहर की कई सड़कों को पहले चौड़ा भी किया गया है। इससे शहर की ज्यादातर सड़कें पहले से तो निश्चित रूप से चौड़ी हुई हैं। इसमें करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं।**



हाल ही में नगर निगम के मेयर एजाज ढेबर ने कहा है कि शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार के बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है इसलिए महापौर ने कहा है कि इसके लिए 100 करोड़ रुपए तो निगम संपत्ति कर से होने वाली 300 करड़ रुपए की आय से 100 करोड़ देगा और 34 करोड़ का जुगाड़ किसी एजेंसी से कर्ज लेक किया जाएगा।इस सड़क को चौड़ी करने की मांग 25 साल से की जा रही है। लेकिन यह मांग आज तक पूरी नहीं हुई है। इस संकरी सड़क के कारण आए दिन जाम लगता है लोग परेशान होते हैं। अब महापौर ने कहा है तो हो सकता है कि शहर की अन्य सड़कों की तरह यह सड़क भी पहले से चौड़ी हो जाए।

हो सकता है कि इससे जाम लगना कम हो जाए या बंद हो जाए लेकिन राजधानी में सुबह 10 से 12 बजे व शाम को पांच से आठ बजे तक यातायात सुगम नहीं हो सकता। इसकी वजह है कि शहर में सड़क चौड़ीकरण तो हुआ है लेकिन शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पार्किंग की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। बताया जाता है कि राजधानी में दस जगह पार्किंग की व्यवस्था की जरूरत है लेकिन तीन ही जगह पार्किंग की व्यवस्था की जा सकी है लेकिन इन इलाकों में भी लोग सड़क पर ही पार्किंग करना ठीक समझते है। दुकान के सामने कुछ वाहन तो दुकान वालों के खड़े रहे है, उस पर कुछ लोग सड़क किनारे वाहन खड़ी कर चले जाते है। इससे चौड़ी सड़क का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

एक तो आए दिन कभी पानी के पाइप लाइन के लिए गड्ढा खोदा जाता है, इससे सड़क खराब होती है, इसके बाद अंडर लाइन केबल वाले सड़क खुदाई करते हैं। इससे बची खुची सड़क भी चलने लायक नहीं रहती है। ऊबड़खाबड़ सड़क पर पैदल चलने वालों से लेकर बाइक व आटो वालों को भी परेशानी होती है, गड्ढों का कारण लोगों को इतने झटके लगते हैं कि अंजर पंजर ढीले हो जाते हैं।

मौदहापारा की खराब सड़क को अभी डामरीकरण कर उसे चौड़ा किया गया है लेकिन इस चौड़ी सड़क पर खड़े बाइक,कार वआटो वालों को देखते हुए तो लगता है कि सरकार ने चौड़ी सड़क इनके वाहन खड़े करने के लिए बनाई हैं। जय स्तंभ चौक से लेकर गंज थाना चौक तक कोई देखने वाला नहीं है कि सड़क पर खड़े वाहोनों के कारण सड़क संकरी हो गई है तथा लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, पैदला चलने वालो को बीच सड़क पर चलना पड़ता है, इससे हादसे की आशंका बनी रहती है।

जब तक भारी यातायात वाली सड़कों पर वाहन खड़े किए जाते रहेंगे तब तक सड़की कितनी भी चौड़ी बना दी जाए,यातायात सुगम नहीं हो सकता क्योंकि लोग सड़कों पर वाहन खड़ी करना अपना अधिकार समझते हैं।वह समझते हैं कि यह सड़क चौड़ी तो उनके वाहन खड़ी करने के लिए बनाई गई है। ऐसे लोगों को सुधारने के लिए जरूरी है कि जयस्तंभ से होकर जाने वाला चारों सड़कों पर वाहन खड़ी करने पर बड़ा जुर्माना किया जाना चाहिए।इससे यातायात विभाग को आय भी होगी और लोगों को आने जाने में सुविधा भी होगी।

**(ये लेखक के विचार हैं)**

## चिंता का सबब



उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में दोगुने यात्री पहुंच रहे हैं। यह वाकई हर किसी के लिए चिंता का सबब है। बेतहाशा बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के चलते बारह यात्रियों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी रैली छोड़ कर देहरादून पहुंचे। बैठक लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि 31मई तक सभी वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। यात्रा मार्गों पर भीषण जाम है, तीर्थयात्री घंटों-घंटों उनमें फंसे हैं। कुछ की तबीयत बहुत बिगड़ गयी।

कुछ श्रद्धालुओं को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। जबरदस्त भीड़ को देखते हुए पंजीकरण दो दिन के लिए रोके जा चुके हैं। यह सच है कि वीआईपी कल्चर के चलते होने वाली व्यवस्थागत गड़बड़ियों को नजरंदाज किया जाता है। खासकर इस तरह के बड़े तीर्थ स्थानों तथा धार्मिक स्थलों में खास लोगों के लिए की जाने वाली व्यवस्था में पुलिस व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या जुटती है। ऐसे में आम नागरिक की तरफ से ध्यान हट जाता है।

खुद को अलग और विशेष मानने वाला बड़ा वर्ग है अपने यहां, जो अपनी समृद्धि और ताकत का प्रयोग कर अपनी विशिष्टता दर्शाने में संकोच नहीं करता। नि:संदेह खास लोगों की आस्था का भी ख्याल रखा जाना जरूरी है। मगर यह आम आदमी की असुविधा या अपमान के साथ न किया जाए। यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि लोगों की आस्था का विस्तार तेजी से हो रहा है। अब लगभग सभी बड़े व प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में बेतहाशा भीड़ लगने लगी है। रही बात पंजीकरण की तो अभी भी देश म ऐसा तबका है, जिसे नियमों/ पाबंदियों के विषय में जानकारी नहीं मिल पाती।

उनके पास इतना धन भी नहीं होता कि वे एकाध दिन कहीं रुक कर इंतजार कर सकें। दो सौ मीटर के दायरे में फोन के प्रयोग जैसी पाबंदी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो सकती है। तस्वीरें निकालने या रील बनाने वालों से निपटने के और रास्ते खोजने की जरूरत है।

नियमों व पाबंदियों की आड़ में आस्था पर प्रहार से बचने के प्रयास होने चाहिए। चार धाम जैसी यात्रा करने वाले वर्षो से इसकी तैयारी करते हैं, तब निकलते हैं। वे आम भक्त हों या खास, उनकी भावनाओं की अनदेखी करने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता।

**(आरएनएस)**

# सही और फर्जी के बीच मिटता फर्क

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

**यह बात 1967 की है, जब भारत अपनी चौथी लोकसभा को चुन रहा था। उस आम चुनाव में कांग्रेस ने लखनऊ से देश के सबसे बड़े शराब कारोबारी कर्नल वेद रतन मोहन को टिकट दिया था। वह देश की सबसे बड़ी शराब बनाने वाली कंपनी मोहन मीकिन के चेयरमैन थे। राजनीति और कारोबार की दुनिया के वह काफी सम्मानित शख्स थे। उन्हें उस दौर के सबसे मशहूर ब्रांड ओल्ड मॉन्क जैसी रम और गोल्डन ईगल जैसी बीयर शुरू करने का श्रेय भी दिया जाता है।**

कर्नल वीआर मोहन की जीत तकरीबन पक्की मानी जा रही थी। वह लगातार दो बार लखनऊ शहर के मेयर रह चुके थे और शहर की सबसे चर्चित शख्सीयतों में शुमार थे। उद्योगपति होने के कारण यह भी माना जा रहा था कि उनके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है। लखनऊ की लोकसभा सीट कांग्रेस की परंपरागत सीट थी और उस चुनाव में बेशक पहली बार कांग्रेस पूरे देश में थोड़ी कमजोर दिख रही थी, लेकिन लखनऊ सीट पर उस हवा का असर नहीं था।

उस चुनाव की एक और महत्वपूर्ण बात यह थी कि लखनऊ लोकसभा सीट से 1957 और 1962 में लगातार दो चुनाव हारने वाले भारतीय जनसंघ के लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी इस बार वहां से चुनाव नहीं लड़ रहे थे। अपने लच्छेदार भाषणों से भारी भीड़ बटोरने वाले वाजपेयी का लखनऊ से चुनाव न लड़ना भी कांग्रेस को आश्वस्त कर रहा था। कर्नल मोहन के सामने एकमात्र मजबूत उम्मीदवार थे आनंद नारायण मुल्ला। वकील और विद्वान होने के साथ ही वह उर्दू शायर भी थे। वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे और कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत व कर्नल मोहन के निजी रुतबे के सामने कोई निर्दलीय उम्मीदवार टिक भी सकेगा, इसकी कोई उम्मीद नहीं थी। एक और चीज थी, जो आनंद नारायण मुल्ला के खिलाफजाती थी।

दरअसल, लखनऊ से लगभग 25 किलोमीटर दूर काकोरी नाम के एक कस्बे के पास 9 अगस्त, 1925 को एक ट्रेन डकैती हुई थी। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के क्रांतिकारियों ने इसको अंजाम दिया था। ट्रेन में ले जाए जा रहे सरकारी खजाने को लूटने की योजना राम प्रसाद बिस्मिल व अशफाक उल्ला खां ने बनाई थी और इस योजना को अंजाम देने में चंद्रशेखर आजाद और राजेंद्र लाहिड़ी जैसे कई क्रांतिकारियों ने भाग लिया था। क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उनके संगठन को पैसे की जरूरत थी और इसीलिए ट्रेन डकैती जैसे दुस्साहसी काम को करने का फैसला किया गया था। बाद में जब इस मामले में मुकदमा चला, तो सरकार ने अपना वकील बनाया आनंद नारायण मुल्ला के पिताजी जगत नारायण मुल्ला को। इस केस में आनंद नारायण मुल्ला अपने पिता के असिस्टेंट थे और दोनों को सरकार की ओर से अच्छी-खासी फीस मिली थी।

डर यह था कि काकोरी कांड को लेकर आनंद नारायण मुल्ला को चुनाव प्रचार के दौरान कठघरे में खड़ा किया जाएगा। मगर ऐन वक्त पर हवा बदल गई। प्रचार यह हुआ कि इस बार कांग्रेस ने लखनऊ से एक शराबी को टिकट दे दिया है। फिर इस तरह की बातें भी उड़ाई गईं कि कनर्ल वीआर मोहन जब प्रचार के लिए फलां मोहल्ले पहुंचे, तो नशे में एकदम धुत थे। कांग्रेस ने अपना सारा जोर लगा दिया, सारे संसाधन झोंक दिए गए, देश भर के तमाम बड़े नेताओं के दौरे हुए, उस समय के हिसाब से पैसा भी खूब बहाया गया, लेकिन अफवाहों से जो नैरेटिव तैयार हुआ, उसका जवाब नहीं मिल सका और आनंद नारायण मुल्ला बहुत आसानी से चुनाव जीत गए। यह पहला चुनाव था, जब लखनऊ लोकसभा सीट से कांग्रेस हारी और अगले चुनाव में कांग्रेस ने फिर से इस सीट को हासिल कर लिया।

लखनऊ का यह चुनाव इस बात का उदाहरण है कि जिसे हम आज 'फेक न्यूज' कहते हैं, वह कोई नई अवधारणा नहीं है। गंदी राजनीति हमेशा से ही अफवाहों और फर्जी खबरों के जरिये चुनावों का खेल बिगाड़ती रही है। विरोधियों का चरित्र हनन तब भी होता था, उन पर कीचड़ उछालने का चलन तब भी था। तब भी चुनाव लड़ने के लिए नैतिकता को दरकिनार कर दिया जाता था, लेकिन 21वीं सदी के दूसरे दशक में ये सारी स्थितियां पहले के मुकाबले बहुत आगे चली गईं।

अचानक ही हम एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गए, जहां इस गंदी राजनीति की मुलाकात 'पोस्ट ट्रुथ एरा', यानी सत्योत्तर काल और मोबाइल तकनीक द्वारा उपलब्ध कराई गई चमत्कारिक रूप से तेज प्रसारण तकनीक से हुई। इस मुलाकात ने राजनीति के स्वरूप को ही एकदम से बदल दिया। पहले अफवाहों, फेक न्यूज और चरित्र हनन की जो राजनीति स्थानीय स्तर पर छिटपुट ढंग से होती थी, अब उसे बड़े पैमाने पर समन्वित और संगठित ढंग से किया जा सकता है। अभी तक जो महज एक राजनीतिक बीमारी थी, उसने एकाएक एक महामारी का रूप ले लिया था।

समाज भी जैसे इसके लिए तैयार था। हम ऐसे दौर में पहुंच चुके हैं, जहां तथ्यों से ज्यादा महत्वपूर्ण भावनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने अपनी धारणाएं सच और यथार्थ के बजाय भावनात्मक अपील से बनानी शुरू कर दी हैं। उदारवादी लोकतांत्रिक राजनीति के मुहावरों से ऊबकर लोग विकल्प तलाशने लगे हैं। विभिन्न कारणों से लोकतंत्र की बहुत सी मूल संस्थाओं पर लोगों का भरोसा कम होने लगा है। इससे जो खालीपन बना है, उसने अनुदारवादी व पुनरोत्थानवादी ताकतों को पैर जमाने की जगह दे दी है। ये ताकतें बरसों से समाज में जिस ध्रुवीकरण के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही थीं, अब उसकी जमीन तैयार हो चुकी है।

राजनीति में लगे नेताओं ने भी इस धारणा को बनाने में अपना पूरा योगदान दिया है। जब कोई खबर उनके अनुकूल नहीं होती, तो उसे वे बड़ी आसानी से फेक कह देते हैं। भले ही ये राजनीतिज्ञ अपना बचाव कर रहे होते हैं, लेकिन इसी के साथ वे मुख्यधारा के मीडिया की लगातार घट रही साख में अपना योगदान भी दे देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन्हें हम आज फेक न्यूज कहते हैं, उसका सबसे ज्यादा फायदा भी इन्हीं राजनीतिज्ञों ने उठाया है। पिछले कुछ समय में फेक न्यूज अलग-अलग तरह से और अलग-अलग स्वार्थ के हिसाब से इतना ज्यादा इस्तेमाल होने लगा है कि इसका अर्थ ही खत्म होता जा रहा है। न्यूज और फेक न्यूज का फर्क बताना भी अब मुश्किल हो जाता है।

**(लेखक की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक चुनाव से छल-प्रपंच का एक अंश)**








रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### उप-मुख्यमंत्री ने जोराताल पहुंचकर सड़क हादसे में मृत पुलिस जवान को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा क्षेत्र के ग्राम जोराताल पहुंचकर दिवंगत पुलिस जवान नेतराम सिंह धुर्वे को श्रद्धांजलि अर्पित की। पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतराम सिंह धुर्वे की बीती रात सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जब वे ड्यूटी कर कवर्धा लौट रहे थे। उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने धुर्वे के परिवार जनों के बीच पहुंचकर अपनी संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि सोमवार रात कवर्धा के पास सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस जवानों के साथ एक ही स्थान पर एक के बाद एक तीन एक्सीडेंट हुए। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी के अनुसार पांडातराई थाना में पदस्थ आरक्षक नेतराम धुर्वे ड्यूटी कर वापस कवर्धा लौट रहे थे तभी एक ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। उनके एक्सीडेंट की सूचना पर सिटी कोतवाली से पुलिस टीम मदद के लिए पहुंची, लेकिन तेज बारिश के कारण उन्हें कुछ दिखाई नहीं दिया और कोतवाली पुलिस की गाड़ी भी ट्रक से टकरा गई।

### गर्मी में ट्रेनों की लेट लतीफी से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

**कोरबा।** गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों की हालत खराब कर रही है। रोजाना कोरबा से जाने और आने वाली ट्रेनें घंटों लेट चल रही है। तापमान 40 डिग्री के पार होने से यात्री ट्रेन के इंतजार में खासे परेशान हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रेन के यात्री भी हलाकान हो रहे हैं। आउटर से पहले खड़ी ट्रेनों में यात्रियों को पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। लेट होने वाली ट्रेन लोकल व लंबे रूट दोनों की हैं। इस समय गर्मी भी बेहाल करने लगी है। ऐसे में ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों की परेशानी बनी है। यात्रियों की शिकायत है कि स्टापेज न होने के बावजूद ट्रेनों को रोक दिया जाता है। आउटर से पहले ट्रेनें रोक दी जातीहैं। जहां पानी तक नहीं मिलता है।

### ठोस अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन के लिए एनजीटी के निर्देशों का पालन करें : कलेक्टर

बेमेतरा। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं घरेलू दूषित जल के प्रबंधन के संबंध में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में ठोस अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन के लिए टास्क फोर्स समिति ठोस अपशिष्ट के अपवहन तथा जनजागरण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ठोस अपशिष्ट-प्लास्टिक अपशिष्ट-बायोमेडिकल वेस्ट का प्रबंधन सही तरीके से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने व्यवस्थित रूप से अपशिष्ट का प्रबंधन करने के निर्देश कलेक्टर ने ज़िले के सभी नगरपालिका अधिकारियों को दिए है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि कचरा डम्पिंग के चलते क्षेत्र में किसी भी प्रकार की बीमारी या अन्य कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष अभियान खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति और कचरा मुक्त शहर को प्राप्त करना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि कचरे को अलग-अलग करने के लिए आम जनता को जागरूक करना चाहिए और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डंप करने की बुराइयों के बारे में बताना चाहिए। जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करके जागरूकता पैदा करने के लिए कदम उठाए जायें।

# पानी की हर बूंद कीमती, इसे संरक्षित करें : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

धमतरी। जल जगार उत्सव की शुरूआत आज कुरूद विकासखण्ड के ग्राम नवागांव(थुहा) से की गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गांधी ने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि धरती के सभी जलस्त्रोत आज सूखने की कगार पर आ गए हैं। हम सभी को मिलकर पानी बचाना पड़ेगा, नहीं तो वो दिन दूर नहीं जब हमारा हाल भी बैंगलोर शहर जैसा हो जाएगा।



उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि धान की खेती में पानी अधिक खपत होती है, अत: नगदी फसलों की ओर अधिक से अधिक रूख करें। इसके साथ ही खेतों में अनावश्यक पानी ना बहने दें, जितना पानी की जरूरत हो, उतना ही खेतों में पानी दें। कलेक्टर ने कहा कि जिले की जीवनदायिनी कहलाने वाली महानदी भी सूख गयी है। गंगरेल बांध आज अपने निम्न स्तर पर पहुंच गया है। हम सभी को मिलकर पानी बचाने का प्रयास समय रहते करना होगा, इसके लिए वृक्षारोपण सहित गांवों में जलस्त्रोतों की साफ-सफाई, रूफ्टॉप स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट वाटर रिचार्ज संरचना बनाने की जरूरत होगी। कलेक्टर ने कहा कि पानी की हर बूंद कीमती है, इसलिए आप लोग जल संरक्षण की संरचनाओं को बनाएं। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न ग्रामों में आगामी 15 जून तक यह उत्सव आयोजित होगा।

कार्यक्रम में वाटर हीरो जलप्रहरी नीरज वानखेड़े ने कहा कि जिले में विकट परिस्थिति निर्मित हो रही है। अगर हम अभी नहीं सम्हले तो यह स्थिति भयावह हो जायेगी। आज पानी फ्री में मिल रहा है, आगे हमें खरीदना पड़ेगा। उन्होंने विशाल जल संचयन करने के लिए बनाए जाने वाले वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की बारिकी से जानकारी दी। इसके जरिए घरों से निकलने वाले अनुपयोगी जल को संचय कर फिर से उसे उपयोग में लाया जा सकेगा और भू-जल को बढ़ाया जा सकता है। वानखेड़े ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही नवागांव स्थित पुराने हैण्डपम्प के समीप वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाकर दिखाया।

इस दौरान जल संरक्षण में योगदान देने के लिए ग्राम सेवक सेवाराम साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थितों से अपील की कि कम से कम 1 पौधा जरूर उगाएं, क्योंकि जहां पेड़ ज्यादा होते हैं, वहां पानी का लेवल बढ़ा होता है तथा बारिश अच्छी होती है। नवागांव के ओमकार साहू को टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया तथा पानी की समस्या पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बने नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान संबंधी फ्लैक्स पर लोगों ने पानी बचाने के लिए हस्ताक्षर किया, वहीं सेल्फी जोन में सेल्फी लेकर जल संरक्षण का संकल्प भी लिया। साथ ही नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधियों द्वारा जल बचाने के संबंध में नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी सहित अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों ने जल को संरक्षित करने की शपथ भी ली। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। इस मौके पर नवागांव सरपंच, नगरनिगम आयुक्त विनय पोयाम, सीईओ जनपद पंचायत कुरूद बी.आर.वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# प्लांट में लंबी रेल पात बनते देख बच्चे हुए रोमांचित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायगढ़ के स्कूली बच्चे समर कैंप के दौरान आयोजित किए गए शैक्षणिक भ्रमण में स्टील प्लांट और पावर प्लांट देखकर हुए रोमांचित। जिला प्रशासन रायगढ़ की पहल पर शासकीय स्कूल के बच्चों को स्टील प्लांट का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान स्कूली बच्चों को स्टील उत्पादन से जुड़ी पहलुओं की बारीकी से जानकारी दी गई तथा स्टील प्लांट का अवलोकन कराया गया। इन बच्चों ने पावर प्लांट का भी भ्रमण किया।



इस अवसर पर स्टील पावर प्लांट के तकनीकी विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों को रॉ मैटेरियल उत्पादन, रॉ मैटेरियल्स एरिया, ओर से आयरन बनाने की प्रोसेस, ऑक्सिजन प्लांट, लम्बी रेल पात बनाने की विधि, लोहे से प्लेट बनाने, लोहे और कोयले की मिक्सिंग, कीलन, कोल वासरी आदि को प्रत्यक्ष दिखाया और इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

गौरतलब है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सरकारी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। रायगढ़ जिला कलेक्टर कार्तिकेय गोयल के निर्देश एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में 09 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में कलेक्टर के विशेष पहल पर विशेष समर कैंप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय शैक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में शासकीय हाई स्कूल चांदमारी, स्वामी आत्मानंद चक्रधर नगर, हाई स्कूल राजीव गांधी नगर, हायर सेकंडरी स्कूल जूट मिल, शासकीय नटवर, हायर सेकंडरी कन्या शाला स्कूल के लगभग 100 से अधिक बच्चों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों ने आज स्टील एवं पावर प्लांट का भ्रमण कर विभिन्न प्रकार की मशीनों प्रक्रिया उत्पादन आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# गरियाबंद जिला तेन्दूपत्ता संग्राहको को भुगतान के मामले में प्रथम स्थान पर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस वर्ष 2024 में हरा सोना यानि तेन्दूपत्ता की खरीदी दर में चार हजार रूपये प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रूपये प्रति मानक बोरा किया गया है। इससे तेन्दूपत्ता संग्राहकों में खुशी की लहर है और वे लोग सपरिवार तेंदूपत्ता तोड़ाई कर रहे हैं। कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल एवं वनमण्डलाधिकारी लक्ष्मण सिंह के निर्देशन में जिले में भी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी से जारी है। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को ऑनलाईन के माध्यम से तुरंत भुगतान हो रहा है जिससे संग्राहक खुश है।

भुगतान के मामले में गरियाबंद जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। संग्राहकों को ऑनलाईन के माध्यम से 11 करोड़ 45 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है। गरियाबंद जिला यूनियन के 70 समिति का संग्रहण लक्ष्य 83 हजार मानक बोरा है। 21 मई 2024 तक 75 हजार 757 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित की जा चुकी है। जो कि लक्ष्य का लगभग 92 प्रतिशत है। तेंदूपत्ता संग्रहण मात्रा के अनुसार गरियाबंद प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतान 42 करोड़ रूपये किया जाना है जिसमें से 11 करोड़ 45 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

# शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से स्कूली विद्यार्थी संयंत्र एवं खदानों का कर रहे अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ।** विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि तथा देश के विकास में योगदान को बढ़ावा देने जिले में संचालित हाई/हायर सेकेंडरी स्कूलों के छात्र/छात्राओं को विभिन्न पावर प्लांटों के संयंत्रों व कोल माइंस का शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शासकीय हाईस्कूल पोलमी सहित अन्य विद्यालयों के 10-10 विद्यार्थियों को एसईसीएल सराईपाली खदान एवं हाईटेक नर्सरी का भ्रमण कराया गया।

बीईओ पाली के निर्देशन में ग्राम परसदा से एस. सोम, पोलमी से जे. के. सागर, शिवकुमारी, पोड़ी से मेश्राम द्वारा हर्षल श्रीवास डिप्टी मैनेजर, सुरेंद्र सिंह चौहान, सब-एरिया मैनेजर की उपस्थिति में खदान का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को खदान से कोयला उत्खनन् और परिवहन के साथ ही आधुनिक तकनीकी मशीनों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी तरह पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने नर्सरी का भ्रमण कराया गया।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत के दिशा-निर्देशन में जिले के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है, जिससे बच्चे इंजीनियरिंग व विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को देख सीख सकें। प्रति दिवस 15 स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। शिक्षिका श्रीमती शिवकुमारी का कहना है कि इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित होगी। शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से संयंत्रों तथा खदानों का अवलोकन करने के पश्चात विद्यार्थी एवं उनके पालक भी प्रसन्नता जाहिर करने के साथ ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। स्कूली छात्रों में शासकीय हाईस्कूल पोलमी, पोड़ी और परसदा के कक्षा 10वीं के शिव शंकर, वीर भद्र, कक्षा 9वीं की कुमारी महिमा, गरिमा, पद्मनी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने खदान का भ्रमण किया।

# वन अधिकार पटटे का डिजिटाइजेशन शीघ्र पूर्ण करें : दुग्गा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति विभाग के सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने आज यहां कहा कि वन अधिकार पत्र वितरण केन्द्र एवं राज्य सरकार की एक अति महत्वाकांक्षी योजना है जिसका मुख्य उददेश्य वर्षों से वन भूमि के माध्यम से अपना जीविकोपार्जन कर रहे हितग्राहियों को उस जमीन पर कानूनी हक प्रदान कर जीवन में स्थायित्व पैदा करना है। श्री दुग्गा आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों में पदस्थ परियोजना प्रशासक एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।



उन्होंने अब तक स्वीकृत हुए सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्रों की पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन वन अधिकार पत्र धारकों की फौत हो चुकी है, उनके वारिसानों की जानकारी एकत्र कर संबंधित अभिलेखों में सुधारने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाए, ताकि उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना आए। साथ ही वन अधिकार पत्र धारकों को किसान सम्मान निधि प्रदाय किए जाने की स्थिति की समीक्षा की गई।

आपने नियद नेल्लानार योजना योजनांतर्गत आने वाले कैम्पों में शामिल ग्रामों में बच्चों हेतु छात्रावास एवं आश्रमों की मैपिंग की स्थिति की भी समाक्षा की। साथ ही इस योजना के अंतर्गत आने वाले आवेदकों का सर्वे/चिन्हांकन कार्य शीघ्र पूरा कर लिए जाने के निर्देश भी दिए।

इसके अलावा पीव्हीटीजी के संर्वांगीण विकास हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आदर्श ग्रामों के चिन्हांकन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में पदस्थ सहायक आयुक्त/परियोजना प्रशासक एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को पीएम जनमन योजना के लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए एवं साथ ही अन्य सभी नोडल विभागों से भी आवश्यक सहयोग लेने के निर्देश दिए गए।

आपने कहा कि प्रत्येक पीवीटीजी बसाहट के पास ही शिविर लगाकर हितग्राहियों का आधार कॉर्ड, राशन कॉर्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कॉर्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके साथ ही सभी हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के निर्देश भी दिए गए।

# जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव । कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जिले में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जल का संरक्षण करना जरूरी एवं प्रासंगिक है। आने वाले समय में जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक है।



जिले में राजनांदगांव, डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र में भू-जल के स्तर में कमी आयी है। 70 से 90 प्रतिशत पानी का दोहन कर लिया गया है। जिले में 42 हजार मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चल रहे हैं। विशेषकर धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता होती है।

इसी गति से भू-जल स्तर में कमी आने पर भविष्य में दिक्कत हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चलाने से लो-वोल्टेज की समस्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसी फसलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिनमें कम पानी की जरूरत होती है। इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि सिंचाई के लिए सरफेस वाटर का उपयोग करना है। ग्रॉस ग्राऊंड वाटर का उपयोग नहीं होना चाहिए। उन्होंने ऐसे गांवों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए जहां जल के स्तर में ज्यादा कमी आयी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में मोटर पंप तथा ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए पहाड़ों में वाटर रिचार्ज करने के लिए परकोलेशन टैंक बनाए गए हैं, जिसके भविष्य में अच्छे परिणाम मिलेंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस कार्य में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जल संरक्षण के लिए बनाए गई संरचना से मिट्टी का कटाव भी रूकेगा। पौधरोपण करने के साथ ही जल संरक्षण के उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कलेक्टर अग्रवाल ने डीएमएफ अंतर्गत प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रस्ताव बनाए जिससे जनसामान्य लाभान्वित हो और इसका परिणाम दिखना चाहिए। सभी अधिकारी प्रतिबद्धतापूर्वक इसके लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि अंतर्गत मक्का की फसल को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। ऐसा होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाएं, जो अनाधिकृत रूप से कार्यालय में लंबे समय से अनुपस्थित हैं।

कर्तव्यविमुख ऐसे कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हाईकोर्ट के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर कैम्प के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर ( ए )।** कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन 21 मई को पीसीसी चीफ दीपक बैज की उपस्थिति में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि, आतंकवाद विरोध दिवस पर उनका पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि दी गयी एवं चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लाक कांग्रेस के कार्यालयों में आतंकवाद विरोध दिवस के रूप मनाया गया तथा आतंकवाद विरोध के लिए प्रतिज्ञा ली गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, महमूद अली, रमेश राम महंत संहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### आतंकवाद विरोधी दिवस पर राजभवन में ली गई शपथ

**रायपुर ( ए )।** आतंकवाद विरोधी दिवस पर 21 मई को राजभवन में सचिवालय की उप सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली।

### ऋचा शर्मा को मिला वन विभाग की अपर मुख्य सचिव का प्रभार

**रायपुर ( ए. )।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटीं ऋचा शर्मा को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।



उन्हें अपर मुख्य सचिव, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि ऋचा शर्मा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्रालय में कार्य कर चुकी हैं। ऋचा शर्मा के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से मनोज कुमार पिंगुआ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे।

---

जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने दिया निर्देश, कहा क्षेत्र में आवासीय क्षेत्रों में निरंतर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का हो निरीक्षण

# रैन वॉटर हार्वेस्टिंग न होने पर 2 बिल्डरों को थमाया नोटिस

**रायपुर ( ए )।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी जोनों के नगर निवेश विभाग की टीमों द्वारा अपने -अपने जोन क्षेत्र में आवासीय क्षेत्रों में निरंतर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निरीक्षण किया जा रहा है।




इस क्रम में नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन 8 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उपअभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में जोन 8 के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों के बिल्डरों के आवासीय परिसर में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का स्थल निरीक्षण किया ।

निरीक्षण उपरांत जोन 8 जोन कमिश्नर ने जोन नगर निवेश विभाग की ओर से वालफोर्ट एलेन्सिया सरोना, पार्थिवी प्राविन्स सरोना, मारूति लाइफ स्टाइल कोटा मार्ग के प्रबंधकों को उनके आवासीय परिसरों में स्थापित रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का रखरखाव नहीं किये जाने पर नोटिस जारी कर रखरखाव की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने एवं जोन 8 नगर निवेष विभाग को प्रणाली की चलित एवं व्यवस्थित फोटोग्राफ भेजकर सूचित करने के निर्देश दिये है, अन्यथा की स्थिति में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्रणाली का रखरखाव नहीं होने पर प्रति वर्ष भूखण्ड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्ग मीटर पर 1000 रुपए की दर से वार्षिक सास्ती आरोपित करते हुए नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।

जोन 8 नगर निवेश विभाग ने जोन क्षेत्र में कोटा स्थित डीएम टावर, कृष्णा पैराडाइस, को निरीक्षण के बाद परिसर में रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना नहीं होना पाकर प्रबंधको को नोटिस जारी कर अनिवार्य रूप से रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कर चलित व व्यवस्थित फोटोग्राफ सहित निगम जोन 8 नगर निवेष विभाग को सूचना देने निर्देशित किया है। अन्यथा की स्थिति में प्रणाली की स्थापना ना करने पर प्रति वर्ष भूखण्ड क्षेत्रफल पर प्रति 100 वर्ग मीटर पर 1000 रुपए की दर से वार्षिक सास्ती आरोपित करते हुए नियमानुसार अर्थदण्ड की कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है।

# जिला कलेक्टर के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर लगातार कार्यवाही जारी

मुरुम रोड काटकर, अवैध बोर बंद करवाकर तत्काल रोक लगाई

**रायपुर ( ए )।** रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही लगातार जारी है। नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 1 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन के यतियतनलाल वार्ड नम्बर 4 के गोंदवारा में लगभग 3 एकड़ निजी भूमि पर बनाई गयी अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर एवं वहाँ मार्ग में आवागमन बाधित कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर तहसीलदार सहित जोन 1 जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता गजाराम कँवर, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, उप अभियंता श्रुति चतुर्वेदी, अजीत सिंह राठौर की उपस्थिति में कारगर रोक लगाने की कार्यवाही की।



वहीं जोन क्रमांक 8 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 8 के माधव राव सप्रे वार्ड के तहत रायपुरा में वृन्दावन कॉलोनी में लगभग 7 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर प्लाट के लिए बनाई गयी डीपीसी को काटकर एवं खोदे गए अवैध बोर को स्थल पर तत्काल बंद करवाकर एवं वहाँ जाने का आवागमन बाधित करके रोक लगाई।

रायपुरा महादेवघाट में विसर्जन कुंड के पास लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर वहाँ निर्मित अवैध मुरुम रोड को काटकर एवं आवागमन बाधित करते हुए रोक लगाने की कार्यवाही की गयी। इसके पूर्व नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग ने रायपुरा में चिंगरी नाला के समीप लगभग 1.51 एकड़ निजी भूमि में अवैध मुरुम रोड को जेसीबी मशीन की सहायता से काटकर एवं आवागमन बाधित करके कारगर रोक जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता रुचिका मिश्रा सहित तहसीलदार के निर्देश पर रायपुरा के पटवारी की उपस्थिति में लगाई गयी।

इसी प्रकार नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग ने तहसीलदार श्री सोनी एवं जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल के नेतृत्व, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता अतुल कुमार सिंह, रविप्रभात साहू की उपस्थिति में न्यू संतोषी नगर बोरिया में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल पर अज्ञात अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा प्लाट कटिंग करने लगाए गए पोल को हटाकर, अवैध मुरुम रोड को काटकर आवागमन बाधित कर कारगर रोक लगाई गयी। जोन 1,8,10 के जोन कमिश्नरों ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 1 के गोंदवारा में लगभग 3 एकड़, जोन 8 के रायपुरा में 3 विभिन्न स्थानों में लगभग 13.51 एकड़, जोन 10 के न्यू संतोषी नगर बोरिया में लगभग 5 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है।

जोन 1, 8,10 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन 1, 8,10 को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। जानकारी मिलते ही राज्य शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

## इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारंभ



**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ के प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), यशवंत कुमार ने इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) के छत्तीसगढ़ चेप्टर का शुभारम्भ किया। यशवंत कुमार आईपीएआई-छत्तीसगढ़ चेप्टर के पदेन-अध्यक्ष भी हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का कार्य, समन्वित रूप से अब तक मध्यप्रदेश चेप्टर, भोपाल द्वारा संचालित किया जाता था।

गौरलतलब है कि इंस्ट्रीट्यूट ऑफपब्लिक आडिटर ऑफइडिया (आईपीएआई) की स्थापना वर्ष 1966 में एक सोसायटी के रूप में की गई थी, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के लेखांकन, ऑडिटिंग और सार्वजनिक वित्त क्षेत्रों की विशेषज्ञ सेवाएं शामिल हैं। देशभर में पेशेवर सेवाएं प्रदान करने वाली इस संस्था के 18 क्षेत्रीय कार्यालय और 2600 से अधिक सदस्य हैं ।

वर्तमान में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू, आईपीएआई के पदेन-संरक्षक और भारत सरकार के पूर्व विशेष सचिव डॉ. सुभाष चंद्र पाण्डेय (सेवानिवृत्त आईएएस), अध्यक्ष हैं । भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा (आईएएएस), भारतीय नागरिक लेखा सेवा (आईसीएस), भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस), भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस), भारतीय भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस), भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी संवर्ग के सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण, इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पब्लिक आडिटर ऑफ इडिया (आईपीएआई) के सदस्य होते हैं।

# स्काउट-गाइड ने की कुएं की सफाई




### कुआं-बावड़ी साफ-सुथरा रखने चलाया अभियान

**रायपुर ( ए. )।** भारत स्काउट्स-गाइड्स ने 21 मई को राज्य के सुप्रसिद्ध मंदिर जैतूसाव मठ में मठ के सचिव महेंद्र अग्रवाल के आतिथ्य में जल संरक्षण के लिए कुएं की साफ-सफाई कर 'कुएं बावड़ी रखें साफ-स्वच्छ' अभियान चलाया। यह अभियान जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला,तथा जिला अध्यक्ष जी स्वामी के मार्गदर्शन व जिला उपाध्यक्ष अजय तिवारी के निर्देशन व जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला द्वारा बनाई गई योजना अनुसार चलाया गया।

एएलटी-स्काउट हेमधर साहू ने बताया कि-एक कुंआ व बावड़ी का जल एक गांव-बस्ती को जल की पूर्ति की क्षमता रखता है। कुंआ-बावडी से शुद्ध मीठा जल हमें मिलता है, इसलिए हमें कुएं व बावड़ी की साफ-सफाई कर, उसके संरक्षण की आवश्यकता है।

जिला संगठन आयुक्त बालकदास राऊत ने कुएं के अहाता की चूने से रोवर्स अनिश रामटेके, यश भारती,दीपक साहू के सहयोग से पुताई कराई गई तथा जैतूसाव मठ परिसर जल संरक्षण के नारों व गीतों से गुंजायमान हो उठा। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला ने बताया कि-सन् 1930 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रायपुर आये थे, तब उन्होंने इसी कुएं का जल हरिजन कन्या के हाथों से पिया था। जल संरक्षण के कार्यक्रम में आचार्य सुमित शास्त्री, आचार्य सौरभ शास्त्री-राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त स्काउट, दीपक पाठक, मोहम्मद बब्बू खान, रामचंद्र का विशेष योगदान रहा।

छात्र 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सीधे ले सकेंगे प्रवेश

# प्रदेश में खुलेंगे 14 नए बीएड कॉलेज, मिली मंजूरी

**रायपुर ( ए. )।** प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रदेश में 14 नए बीएड महाविद्यालय खोले जाएंगे। इन नए बीएड महाविद्यालयों में सिर्फ 4 वर्षीय पाठ्यक्रमों का ही संचालन होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम को बंद किया जाना है।

इसके स्थान पर चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम शुरू होगा। इसके अंतर्गत बीए-बीएड, बीएससी-बीएड तथा बीकॉम-बीएड का संचालन किया जाना है। छात्र इसमें 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सीधे प्रवेश ले सकेंगे। सूत्रों के अनुसार, चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए नए कॉलेज खोलने आवेदन उन्हीं महाविद्यालयों द्वारा किया गया है, जहां पहले से ही दो वर्षीय बीएड कोर्स संचालित हैं।



यहां बारहवीं के बाद छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। बीएससी-बीएड में विज्ञान और गणित संकाय के छात्र दाखिला ले सकेंगे। इसी तरह से बीकॉम-बीएड में कॉमर्स संकाय के छात्र दाखिला लेंगे। बीए- बीएड में कला संकाय के साथ ही अन्य संकाय के छात्रों को भी प्रवेश दिया जाएगा। अनुमति के लिए आवेदन करने वाले निजी महाविद्यालयों के अतिरिक्त पं. रविशंकर शुक्ल विवि में भी मौजूदा शैक्षणिक सत्र से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम की शुरुआत की जा रही है।

प्रदेश में बीएड के 135 महाविद्यालय हैं। इनमें मात्र चार ही शासकीय हैं, जो रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और कांकेर में स्थित है। वर्तमान में बीएड की प्रदेश में 14 हजार 600 सीटें हैं। यहां दो वर्षीय बीएड के साथ डीएलएड का संचालन हो रहा है। प्राइवेट बीएड कॉलेज एसोसिएशन के संयोजन राजीव गुप्ता के अनुसार, जिन नए महाविद्यालयों ने मान्यता के लिए आवेदन किया है वहां शुरुआत में 100-100 मिलने की उम्मीद है। शासन स्तर पर एनओसी मिलने के बाद राष्ट्रीय अध्यापक परिषद द्वारा कॉलेजों को संबद्धता प्रदान की जाएगी। सत्र 2024-25 से ही इसकी शुरुआत होने की उम्मीद है।

# एमबीबीएस की परीक्षा एक जुलाई से



**रायपुर ( ए. )।** राजधानी के मेडिकल कालेज में पिछले साल बढ़ी सीटों पर प्रवेश लेने वाले छात्रों की परीक्षा एक जुलाई से शुरू होगी, जो करीब एक सप्ताह चलेगी। परीक्षा की वीडियो रिकार्डिंग भी की जाएगी, जिसे एनएमसी को भेजा जाएगा। मेडिकल कालेज में एनएमसी से 50 सीटों की मंजूरी मिलने के बाद एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 200 हो गई थी, जिसे वर्ष-2023-24 के शैक्षणिक सत्र से लागू किया गया था।

इन 200 सीटों के अलावा आर्थिक कमजोर वर्ग के स्टूडेंट्स के लिए 30 सीटें अतिरिक्त हैं। मेडिकल कालेज में वर्ष-1963 में एमबीबीएस की 60 सीटों के साथ शुरूआत हुई थी। वर्ष-1976 में यह संख्या 100 हुई। वर्ष-2009 में तीसरी बार सीटों की संख्या बढ़ाकर 150 की गई थी। मेडिकल कालेज के प्रोफेसरों का कहना है कि बढ़ी सीटों की पहली परीक्षा होगी। एनाटामी, फिजियोलोजी और बायोकमेस्टी विषयों की परीक्षा में 230 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न होने के बाद ही बढ़ी हुई सीटें स्थायी होगी। एनएमसी सेल के चेयरमैन डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि मेडिकल कालेज को अनुमति के नवीनीकरण के लिए वीडियो रिकार्डिंग जमा करना आवश्यक है। रिकार्डिंग और दस्तावेज जमा करने में विफल रहने पर उचित कार्रवाई भी होती है। आर्थिक कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए 50 करने के लिए भी एनएमसी को पत्र भेजा गया है।






















# शिंदा शिंदा नो पापा में मेरा किरदार पति और बेटे के बीच उलझा हुआ : हिना खान

**गिप्पी ग्रेवाल स्टारर फिल्म शिंदा शिंदा नो पापा से पंजाबी सिनेमा में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस हिना खान ने बताया कि फिल्म में उनका रोल ऐसा है जो अपने पति और बेटे के बीच कई मुद्दों पर उलझा हुआ है।**



फिल्म में हिना गिप्पी की पत्नी और शिंदा ग्रेवाल की मां का किरदार निभा रही हैं। हिना ने बताया कि फिल्म हर माता-पिता को एक मैसेज देती है कि वे बच्चों को प्यार और सम्मान के साथ कुछ भी सिखा सकते हैं।

अपने रोल के बारे में विस्तार से बताते हुए हिना ने बताया, मैं फिल्म में शिंदा की मां निक्की का किरदार निभा रही हूं। निक्की हमेशा अपने पति और बेटे के बीच कई मुद्दों पर उलझी रहती है। उसका मानना है कि बच्चों को उनके माता-पिता प्यार और सम्मान के साथ जीवन की मूल सीख सिखा सकते हैं।

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि जहां फिल्म में कॉमेडी एलिमेंट मजबूत है, वहीं फिल्म माता-पिता और बच्चों के बीच के रिश्ते पर भी प्रकाश डालती है, जिसमें एक मोड़ है जो शिंदा (गिप्पी का बेटा) द्वारा लाया जाता है।

उन्होंने कहा, यह फिल्म निश्चित रूप से हंसी का तड़का लगाने वाली है, लेकिन यह दर्शकों को एक बड़ा मैसेज भी देती है। मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं जो माता-पिता और बच्चों के परस्पर एक-दूसरे का सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है।

हिना ने कहा, फिल्म लोगों को प्रेरित करने और उनके दिलों से जुड़ने का एक जरिया है। हमने फिल्म में बस यही किया है। हम आप लोगों को हंसाना चाहते थे, लेकिन साथ ही एक मैसेज भी देना चाहते थे जो इस समय सबसे महत्वपूर्ण है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि माता-पिता को अपने बच्चों के साथ एक अलग रिश्ता बनाना चाहिए और वे बना सकते हैं।

# हद से ज्यादा आम खाना सेहत के लिए हो सकता है नुकसानदायक

## एक दिन में कितने आम खाने चाहिए?

गर्मियों का मौसम आते ही स्वादिष्ट और रसीले फल मैंगो लवर्स की एक्साइटमेंट देखने लायक होती है। फलों का राजा आम अपनी खास तरह के टेस्ट को लेकर पूरी दुनिया में मशहूर है। यह एक ऐसा फल है जो पूरी दुनिया भर के लोगों के दिलों पर राज करता है। आम के शौकीन जितना भी आम खा लें उनका मन भरता ही नहीं है।

## कई सारे स्वास्थ्य से भरपूर लाभ मिलते हैं

हालांकि आम खाने से कई सारे स्वास्थ्य से जुड़े फायदे मिलते हैं। लेकिन इसे हद से ज्यादा खाने से कई सारे नुकसान भी है। इसका सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। आम न केवल सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होता है। बल्कि यह विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर होता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन ई, पोटेशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। आम में 100 ग्राम कैलोरी होती है। जो 60-70 कैलोरी प्रदान करती है।

आम खाने के कई सारे फायदे मिलते हैं

## पाचन संबंधी समस्याएं

रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा आम खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।इसमें फाइबर की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ज्यादा फाइबर खाने से पेट फूलना, गैस, पेट में ऐंठन और यहां तक कि दस्त भी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आमों को एक लीमिट में खाना चाहिए। क्योंकि यह पाचन संबंधी समस्याएं शुरू कर सकती है।

छह साल की छोकरी,
भरकर लाई टोकरी।

टोकरी में आम हैं,
नहीं बताती दाम है।

दिखा-दिखाकर टोकरी,
हमें बुलाती छोकरी।

हमको देती आम है,
नहीं बुलाती नाम है।

नाम नहीं अब पूछना,
हमें आम है चूसना।



## वजन बढ़ना

आम में कैलोरी कम होती है। इसके बावजूद अगर इसे ज्यादा खाया गया तो वजन बढ़ सकता है। मीठा और स्वादिष्ट आम अगर आप ज्यादा खाएंगे तो यह शरीर में काफी ज्यादा कैलोरी बढ़ा देगी। इससे आपका वजन भी बढ़ सकता है।

## एलर्जी संबंधी समस्याएं

ज्यादा आम खाने से एलर्जी की समस्याएं हो सकती है। जिसमें खुजली, सूजन, पित्ती या गंभीर मामलों में एनाफिलेक्सिस लक्षण दिखाई दे सकते हैं। अगर आम खाने के बाद शरीर पर ऐसे कुछ लक्षण दिखाई दे तो एकदम से आम खाना छोड़ दे।

## ब्लड शुगर स्पाइक्स

आम में ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी अधिक होता है। इसका साफ अर्थ है कि अगर आप इसे ज्यादा खाएंगे तो ब्लड में शुगर लेवल बढ़ जाएगा। यह डायबिटीज और इंसुलिन लेने वाले लोगों के लिए समस्या खड़ी कर सकता है। डायबिटीज के मरीज आम खाने के बाद एक्सरसाइज जरूर करें क्योंकि यह ग्लाइकोजन रिजर्व को भरने और इंसुलिन स्पाइक्स के प्रभाव को कम करने में मदद करेगा।

## विटामिन ए टॉक्सिटी

आम विटामिन ए का एक बेहतरीन सोर्स है, लेकिन इसे ज्यादा खाने से इसमें पाई जाने वाली पोषक तत्व काफी ज्यादा मात्रा में होते हैं।इससे हाइपरविटामिनोसिस ए निकलता है। विटामिन ए ज्यादा खाने से भी इसके साइड इफेक्ट्स दिखाई देते हैं। जैसे-चक्कर आना, मतली, ठीक से दिखाई नहीं देना। बालों का झड़ना।

यदि आप स्टैटिन या एंटीहिस्टामाइन जैसी दवाएं ले रहे हैं, तो यह निर्धारित करने के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श करें कि क्या आप आम खा सकते हैं कि क्योंकि अगर आप बिना डॉक्टर के परामर्श पर आम खाएंगे तो लिवर से जुड़ी बीमारी हो सकती है।

# गुड बैड अग्ली में तीन अलग-अलग लुक में धमाल मचाने को तैयार अजित कुमार



साउथ सुपरस्टार अजित कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म विदा मुयार्ची के निर्माण में व्यस्त हैं। बीते कुछ समय पहले अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म गुड बैड अग्ली की जानकारी साझा की थी। अभिनेता अपनी नई फिल्म के लिए निर्देशक अधिक रविचंद्रन के साथ सहयोग कर रहे हैं। वे जल्द ही अपने दूसरे प्रोजेक्ट गुड बैड अग्ली पर काम शुरू करेंगे। अब इस फिल्म से अभिनेता के लुक पर बड़ी जानकारी सामने आई है।

निर्माताओं ने कुछ समय पहले फिल्म का पहला पोस्टर और शीर्षक जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच उत्साह बढ़ गया था। प्रशंसक इस परियोजना के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं। वहीं अब फिल्म में अभिनेता के किरदार को लेकर नई जानकारियां सामने आईं। इससे पहले खबर आई थी कि अजित अधिक रविचंद्रन की फिल्म गुड बैड अग्ली में ट्रिपल रोल निभाएंगे।

अजित तीन किरदार निभाएंगे, इस पर चर्चा पहले से ही है, लेकिन अब वे तीनों किरदार कैसे होंगे, इसका खुलासा हो चुका है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। नमक और काली मिर्च वाले लुक के अलावा अजित कथित तौर पर काले बालों के साथ एक युवा लुक में नजर आएंगे और कुछ हिस्सों में वे पोनीटेल के साथ नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि निर्देशक अधिक रविचंद्रन ने अजित के लिए एक ठोस चरित्र-चित्रण तैयार किया है।

मुख्य महिला किरदार के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। कुछ दिन पहले अफवाह उड़ी थी कि श्रीलीला इस बड़ी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, लेकिन अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि फिल्म का नाम अभिनेता के किरदारों का परिचय देता है। गुड बैड अग्ली अभिनेता के तीन किरदार की झलक है। तीनों किरदारों में खरा उतरने के लिए अभिनेता पूरी मेहनत कर रहे हैं और तैयारी में लगे हुए हैं। यह 18 साल बाद होगा, जब अभिनेता का दर्शकों को ट्रिपल रोल देखने को मिलेगा। अजित को तीन अलग-अलग भूमिकाओं में देखने की खबर ने इस बीच आगामी फिल्म के लिए प्रत्याशा बढ़ा दी है।

वहीं, बात करें गुड बैड अग्ली की तो यह एक को एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। फिल्म का संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार देवी श्री प्रसाद द्वारा तैयार किया जाएगा। सिनेमैटोग्राफी अबिनंदन रामानुजम करेंगे और संपादन विजय वेलुकुट्टी द्वारा किया जाएगा। फिल्म का निर्माण नवीन माइथरी ने माइथ मूवी के बैनर तले किया है। फिल्म पोंगल 2025 के दौरान रिलीज होने वाली है।

# गर्मी में शमा सिकंदर ने सोशल मीडिया जगत का बढ़ाया पारा



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपने बिकिनी लुक्स को लेकर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो वो फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं। एक्ट्रेस शमा सिकंदर टीवी की बेहद ही ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

अपनी बोल्डनेस के चलते सुर्खियों में रहने वाली टीवी अभिनेत्री शमा सिकंदर इन दिनों सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। वह अपनी ग्लैमरस तस्वीरों और वीडियो से लगातार फैंस का दिल जीत रही हैं। हाल ही में, उन्होंने स्विमिंग पूल में बिकनी पहनकर तस्वीर शेयर की है, इस तस्वीर ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। हरे रंग की बिकनी पहने शमा सिकंदर पूल में धुप की किरणों का आनंद लेती नजर आ रही हैं। उनकी हॉट और बोल्ड अदाएं देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। फैंस ने कमेंट बॉक्स में हार्ट और फायर एमोजिस की बरसात कर दी है। यह पहली बार नहीं है जब शमा सिकंदर ने सोशल मीडिया पर अपनी हॉट तस्वीरें शेयर की हों। शमा सिकंदर अपनी इन फोटोज में सिजलिंग अंदाज में पोज देते हुए बेहद ही हॉट फोटोशूट करवा रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही शमा सिकंदर ने ब्लैक बिकिनी में मचाया था और अब ऑरेंज बिकिनी में हॉट अवतार दिखाया है। बता दें कि एक्ट्रेस इंडियन और वेस्टर्न दोनों ही लुक में फैंस के बीच कहर ढा देती हैं। इससे पहले भी वह कई बार अपनी बोल्ड अदाओं से फैंस को दीवाना बना चुकी हैं।

# प्रियंका चोपड़ा

### कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

# बुल्गारी इवेंट में देसी गर्ल ने पहना 140 कैरेट के हीरों का हार



**ऐसी अभिनेत्री हैं, जिनका सिक्का न सिर्फबॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी चलता है। दुनियाभर में लोग उन्हें पसंद करते हैं। प्रियंका हमेशा अपने खूबसूरत अंदाज से लोगों को प्रभावित करती हैं। इन दिनों अपनी हॉलीवुड की आने वाली फिल्मों की शूटिंग में बिजी चल रही हैं। हाल ही में वो इटली में आयोजित बुल्गारी के इवेंट में शरीक हुईं। इस इवेंट में उनका अंदाज देखने लायक था। इस इवेंट में उनका अंदाज काफी ग्लैमरस लगा।**

इस कार्यक्रम में अभिनेत्री ने ऐनी हैथवे, लियू यीफेई और शू क्यूई के साथ भी पोज दिए। भले ही कार्यक्रम में कई सितारे मौजूद थे, लेकिन लोगों की निगाहें प्रियंका पर टिक गईं। प्रियंका इस इवेंट में खूबसूरत सा ऑफशोल्डर गाउन पहनकर पहुंची थीं। उनके इस लुक में हर किसी का ध्यान एक्ट्रेस के नेकलेस ने खींचा। उनका ये नेकलेस काफी खास लग रहा था। आइए आपको इसके बारे में बताते हैं।

## कैसा रहा लुक

बुल्गारी की 140वीं एनिवर्सरी पर गाला डिनर रखा गया था। इस दौरान प्रियंका क्रीम और ब्लैक कलर का ऑफ-शोल्डर गाउन पहनकर इवेंट में पहुंची थी। उनका ये गाउन नीचे से ट्रांसपैरेंट था। नेट फैब्रिक के इस गाउन में प्रियंका कमाल की लग रहीं थीं।

## अलग था हेयर स्टाइल

पहली बार प्रियंका काफी शॉर्ट हेयर में नजर आईं। छोटे बाल एक्ट्रेस काफी जच रहे थे। लोगों को उनका ये नया हेयर स्टाइल काफी पसंद आया।

## मेकअप था खूबसूरत

ग्लॉसी लिपस्टिक और न्यूड मेकअप उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा था। उन्होंने अपनी आंखों के मेकअप को हाइलाइट किया था, जिससे उनकी आंखे काफी खूबसूरत लग रही थीं।

## नेकलेस ने खींचा ध्यान

इस इवेंट में प्रियंका के नेकलेस ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्रियंका चोपड़ा का ये हार Serpenti Aeterna कंपनी का है। इस खूबसूरत से हार को बनाने में करीबन 2800 घंटे लगे। इसमें 140 कैरेट डायमंड लगे हैं। इन हीरों को कट करके 7 ड्रॉप शेप का ये खूबसूरत चमचमाता नेकलेस तैयार किया गया है। इसकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है।

# शेविंग क्रीम से चमक जाएगी ये पांच चीजें

शेविंग क्रीम का उपयोग सिर्फ शेविंग के लिए ही नहीं, बल्कि सफाई के लिए भी किया जा सकता है। यह बात शायद आपको अजीब लगे, लेकिन शेविंग क्रीम से आप कई चीजों को नया जैसा चमका सकते हैं। अगर आपके घर में कोई शेविंग क्रीम पड़ी है तो आप उसे इन चीजों पर अजमाकर देखें। बिल्कुल नया जैसा चमक जाएगा।

**फर्नीचर की सफाई:** अगर आपके घर में लेदर का फर्नीचर है, तो आपको उसकी खास देखभाल करनी पड़ती होगी। तेल के दाग लगने पर फर्नीचर गंदा दिखने लगता है। इन दागों को हटाने के लिए आप शेविंग क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। दाग वाली जगह पर शेविंग क्रीम लगाएं और 30 मिनट तक छोड़ दें। फिर एक साफ कपड़े से पोंछ लें। दाग गायब हो जाएंगे और फर्नीचर चमक उठेगा।

**चांदी की ज्वेलरी की सफाई:** चांदी की ज्वेलरी समय के साथ काली पड़ जाती है। उसकी चमक लौटाने के लिए शेविंग क्रीम का उपयोग करें। ज्वेलरी पर शेविंग क्रीम लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। फिर उसे पानी से धो लें। ज्वेलरी की चमक वापस आ जाएगी। जब ज्वेलरी सूख जाए, तो उसे पेपर नेपकिन में लपेटकर रखें।

**शीशे की सफाई:** घर के शीशे साफ और चमकदार होना चाहिए। अगर शीशे पर दाग लग गए हैं, तो शेविंग क्रीम से इन्हें साफ करें। दाग वाली जगह पर शेविंग क्रीम लगाएं और फिर साफ कपड़े से पोंछ लें। शीशा नया जैसा चमकने लगेगा।

**नेल पेंट रिमूवर:** अगर आपका नेल पेंट रिमूवर खत्म हो गया है, तो शेविंग क्रीम का उपयोग करें। नाखूनों पर शेविंग क्रीम लगाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर कॉटन से पोंछ लें। नेल पेंट हट जाएगा, लेकिन इसे स्थायी समाधान न मानें और अच्छे नेल पेंट रिमूवर का ही इस्तेमाल करें।

**माइक्रोवेव की सफाई:** आप शेविंग क्रीम से माइक्रोवेव की बाहरी सफाई भी कर सकते हैं। इसके लिए शेविंग क्रीम से झाग बनाएं और इसे माइक्रोवेव पर लगाएं। 10 मिनट के बाद सूखे कपड़े से माइक्रोवेव को पोंछ लें। ध्यान रखें कि गीले कपड़े या पानी का उपयोग बिल्कुल न करें। इस तरह, आपका माइक्रोवेव चमक उठेगा और नया जैसा लगेगा।

## खास खबर

### अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 को

**गरियाबंद।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने के लिए 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिससे जन सामान्य में धूम्रपान के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके। तम्बाकू या तम्बाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां परिलक्षित हो रही है, जो सभी के लिए चिंता का विषय है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु जनपद पंचायत ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत जन सामान्य, मीडिया प्रतिनिधियों, स्वैच्छिक संस्थाओं, प्रतिष्ठित नागरिकों, भारत माता वाहिनी के सहयोग से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार करने के लिए 31 मई को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों पर चर्चा एवं दुष्प्रभावों की जानकारी समुदाय में प्रचारित करना, सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों का प्रचार, नशामुक्ति हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति साहित्य का वितरण, नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से प्रेरक नाटक, गीत परिचर्चा एवं यथा संभव योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा इससे होने वाले लाभ पर व्याख्या इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

### मतगणना के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराना हमारा उद्देश्य-कलेक्टर

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु आगामी 4 जून को होने वाले मतगणना के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि मतगणना पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम एवं संवेदनशील चरण है, इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर्स बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं मतगणना हेतु कर्मचारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित करें। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, आपको इसे गंभीरता से करना होगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करते हुए मतगणना के कार्य को सफ्लता पूर्वक संपन्न कराना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने पोस्टल बैलेट गणना के कार्य को सजगता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान मतगणना स्थल में आने वाली समस्याओं के निदान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल एआरओ को सूचित करने हेतु प्रशिक्षण में अवश्य बताएं। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण हेतु प्रश्नोत्तरी तैयार कर प्रशिक्षणार्थियों के शंका के समाधान करने हेतु निर्देशित किया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि मतगणना दिवस पर सभी कर्मचारी नियत समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे ताकि मतगणना के कार्य में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी कार्य शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ करें। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी कार्य को नियत समय में संपन्न करने हेतु निर्देशित किया।

### कुष्ठ रोगी की पहचान, मोबितयाबिंद की जांच की गई

**जशपुरनगर ।** कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम मड़वाकानी के सीएचसी शब्दमुण्डा में ग्राम स्वास्थय स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक सह नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य दल द्वारा मितानिनों के माध्यम से गांव के सरपंच, पंच, आंगनबाडी, समस्त समूह की महिला, शिक्षा मित्र, बिहान की महिलाएं, पोषण समिति के अध्यक्ष सचिव, स्वच्छता समिति के सदस्य एवं गांव के समस्त महिलाओं के उपस्थिति में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। जहां छोटे बच्चों को टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र शब्द मुंडा में पदस्थ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और कुष्ठ रोगी की पहचान, मोबितयाबिंद के मरीजों की जांच, उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के संबंध में जानकारी दी गई। गांव में एक कुष्ठ रोगी की चिन्हांकन किया गया। जिनको 3 वर्ष पूर्व से कुष्ठ के लक्षण परिलक्षित थे। ब्लॉक स्तरीय दल सह उनसे मुलाकात कर प्राथमिक जांच किया गया। जहां कुष्ठ के पूर्ण लक्षण का चिन्हांकन किया गया। मोतियाबिंद मरीजों का चिन्हांकन सत्र में उपस्थित लोगों में 2 पुरुष और 3 महिला जिनका नेत्र चिकित्सा से सम्बंधित मरीजों का चिन्हांकन किया गया। ग्राम विकास निधि से गांव में 1000 मूनगा के पौधा और 1000 पपीता पौधा वितरण की माग पंचायत में रखने को निर्धारीत किया गया। थैलेसेमिया मरीज से मुलाकात सीएचसी कांसाबेल और जिला अस्पताल जशपुर में लगभग प्रत्येक माह रक्त ट्रांसफ्यूजन करवाने वाले मरीज के परिजन से मुलाकात कर हाल स्थिति के विषय में जानकारी लिया गया।

वनमंत्री कश्यप ने कवर्धा पहुँचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की, कहा -

# सरकार पीड़ित परिवारों के साथ, की जाएगी हरसंभव मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में घटित सड़क दुर्घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। मंगलवार वनमंत्री केदार कश्यप ग्राम सेमरहा पहुँचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। मंत्री कश्यप ने सड़क दुर्घटना को लेकर कहा की यह बहुत ही हृदय विदारक घटना है और निश्चित तौर पर जो क्षति हुई है। उस क्षति को कोई पूरा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यहां सभी हमारे आदिवासी समाज के भाई बहन हैं। हम यहां पर मंत्री होने के नाते नहीं बल्कि सामाजिक होने के नाते हम उपस्थित हुए हैं। यहां हमारे समाज के सभी लोगउपस्थित हैं और हमारे यहां के विधायक जी भी यहां पर उपस्थित हैं।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति ने भी गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा हमारी कोशिश रहेगी की सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं उन योजनाओं का लाभ इनको दिया जाए और उनके परिवार के आर्थिक दृष्टि से मदद की जाए। बच्चों के लालन पालन के दृष्टि से, उनके शिक्षा-दीक्षा को लेकर सरकार की ओर से हर संभव सहायता की जाएगी।

### सुरक्षा व्यवस्था का रखें ध्यान, लापरवाही नही बरते

केदार कश्यप ने कहा कि हम इस बात की कोशिश करेंगे की इस तरह से घटना दोबारा ना घटित हो और जो क्षेत्र में जाकर तेंदूपत्ता तोड़ने का काम करते हैं वहां के लिए निर्देश लेकर के आएंगे और यह तो यहां पर चलन में है। यहां से निकल करके दूसरे स्थान पर जाकर तेंदूपत्ता तोड़ते हैं। तेंदूपत्ता आदिवासी समाज के जीविका का बहुत बड़ा माध्यम है और हम लोगों का तो जीवन जंगल पर आधारित है, वन उपज पर आधारित है। भाजपा सरकार ने तो उचित मूल दिया है और कोशिश होगी कि हम उनको और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएं।

विधायक भावना ने कुकदुर हादसे में मृतकों के बच्चों को लिया गोद...

### शिक्षा, विवाह और रोजगार तक जिम्मेदारी उठाने का दिया भरोसा

**कवर्धा।** पंडरिया के वनांचल क्षेत्र कुकदुर के ग्राम बाहपानी में सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 19 आदिवासियों के परिवार के बच्चों को विधायक भावना बोहरा ने गोद लेने की घोषणा की है। विधायक भावना बोहरा ने मंगलवार को मृतकों के परिवारजनों से उनके निवास जाकर भेंट किया और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान भावना बोहरा बहुत ही भावुक दिखीं उन्हें देखकर हताहत परिवारजनों ने भी गले लगाकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। भावना बोहरा ने कहा कि यह बहुत ही दुखद व पीड़ादायक घटना है। जब परिवार का एक सदस्य जाता है तो पीड़ा होती है और उसकी कमी कभी पूरी नही हो सकती। विगत वर्षों में कुकदुर क्श्रेत्र के आदिवासी भाई-बहनों ने हमेशा ही मुझे एक परिवार की भांति स्नेह व सहयोग दिया है। आज यहां इस दुख की घड़ी में, मैं उन सभी परिवारजनों के साथ हूँ इसलिए हमने निर्णय लिया है कि इस हादसे में जिन बच्चों के सिर से परिजनों का साया उठ गया हैं, जिनके माता-पिता ने इस हादसे में अपनी जान गंवाई है उनके परिजन की भूमिका हम निभाएंगे। उन्होंने बताया कि हादसे में दिवंगत हुए 19 लोगों के करीब 24 बेटा-बेटियों के आगे की शिक्षा, उनके रोजगार एवं विवाह तक कि सारी जिम्मेदारी वे स्वयं अपने भावना समाजसेवी संस्थान के माध्यम से उठाएंगी। पंडरिया विधानसभा मेरा परिवार है और जब परिवार पर विपदा आती है तो उनके दुख में उनके साथ रहना मेरी जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी।



# दुर्घटना मुक्त जिला बनाने सभी अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें : कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

बालोद। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले को दुर्घटना मुक्त जिला बनाने के अभियान में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा है। जिससे कि जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम की प्रभावी उपाय सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल सड़क सुरक्षा के उपायों के अंतर्गत आम लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु मोटर सायकल से कार्यालय आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा मोटर सायकल का उपयोग करने वाले सभी लोगों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के उपायो के संबंध में जानकारी देने हेतु दीवाल लेखन एवं फ्लैक्स आदि लगवाने के भी निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने के इस महति अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा।

बैठक में कलेक्टर श्री चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आज शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार हेतु शिक्षा विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के लिए आगामी शिक्षा सत्र में अध्ययन-अध्यापन की अनुकूल व्यवस्था के अलावा गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्याह्न भोजन का संचालन आदि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य आदि की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जिला कार्यालय में मनाया गया आतंकवाद विरोधी दिवस



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में अपर कलेक्टर दिनेश नाग ने आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा विघटनकारी शक्तियों से डटकर लड़ने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी, तुलाराम भारद्वाज, रोहित सिंह, गौतम सिंह सहित जिला कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी कर्मचारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास बनाए रखने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन के मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ ली। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य आम लोगों के कष्टों को सामने लाकर और यह दर्शा कर कि आतंकवाद किस तरह राष्ट्रीय हित के विरूद्ध है युवाओं को आतंक और हिंसा के रास्ते से दूर करना है।

## प्रेरणादायक नाटकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का हुआ सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

कोण्डागांव। पीएम विद्यालयों के लिए 14 से 20 मई तक आयोजित की गयी ग्रीष्मकालीन आवासीय शिविर का सोमवार को नगरपालिका आडिटोरियम में समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एसडीएम निकिता मरकाम, अंकित चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार सहित जिले के सभी पीएम विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ग्रीष्मकालीन शिविर में सीखी गयी विधाओं का प्रदर्शन किया गया। जहां छोटे बच्चों के द्वारा सुंदर पाश्चात्य नृत्य के साथ शास्त्रीय नृत्य के अद्भूत प्रदर्शन के साथ मनोरंजक नाटक के माध्यम से तम्बाकू व मद्य निषेध का संदेश दिया। बच्चों ने सामूहिक रूप से छत्तीसगढ़ी एवं पारंपरिक लोक गीतों की सुंदर प्रस्तुति एवं पारम्परिक सामूहिक नृत्य द्वारा लोगों का मन मोह लिया। शिविर में ड्रोन निर्माण प्रशिक्षण में बनाये गये ड्रोनों का प्रदर्शन करने के साथ ही अतिथियों का स्वागत ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त थ्रीडी प्रिंटिंग मशीन के द्वारा मॉडल निर्माण का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों में विविध कलाओं को जानने के हर्ष के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर के खत्म होने की चिंता भी दिखाई दी। सभी के चेहरों पर इस शिविर में प्राप्त ज्ञान को आगे बढ़ाते हुए कलाओं को उत्कृष्ठता की ओर ले जाने का जुनून भी दिखाई दिया। बच्चों ने बताया कि उन्होंने इस शिविर में योग प्राणायाम के साथ नृत्य, नाटक, भाषण, वाद-विवाद, गायन, पेंटिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, जुडो जैसी विधाओं के साथ ड्रोन निर्माण, फोटोग्राफी एवं थ्रीडी प्रिंटिंग जैसे तकनीकी कौशलों का भी ज्ञान अर्जित किया है। इसके साथ ही शिक्षकों के द्वारा उन्हें तारामण्डल के साथ ब्रम्हांड की जानकारी देने के साथ टेलीस्कोप के माध्यम से हमारे आकाशगंगा में मौजूद नक्षत्रों के संबंध में जानकारी भी दी गयी। बच्चों ने थिएटर में पहली बार फिल्म देखने के अनुभव से लेकर जिले की महत्वपूर्ण प्रशासनिक संस्थानों के परिचय एवं आमचो सरगी प्रकृति हर्र द्वारा वन संबंधी ज्ञान प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया।

# शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़कर मुख्यधारा में लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुआ, कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सर्वप्रथम सभी विभाग के अधिकारियों को उनके द्वारा फील्ड में किए गए कार्यो की साप्ताहिक प्रगति की जानकारी ली। जिसमें आदिवासी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, क्रेडा, पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों ने जमीनी स्तर पर प्रगतिरत कार्यो की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

कलेक्टर श्री पाण्डेय ने आगामी शिक्षा सत्र को मद्देनजर रखते हुए शाला त्यागी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़कर मुख्यधारा में वापस लाने, स्कूल चलो अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए व्यापक रूप से कार्य करने को कहा। लोक निर्माण विभाग एवं पीएमजीएसवाई के प्रगतिरत निर्माणधीन सड़कों का गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं समस्त निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य की लागत, कार्य पूर्णता की समयावधि का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने को कहा। जिले में कुपोषण की गंभीरता को देखते हुए व्यापक स्तर पर कुपोषण के विरूद्ध लड़ाई तेज करने स्पष्ट कार्ययोजना की जरूरत बताई ताकि जिले को कुपोषण से मुक्त कर सकारात्मक परिणाम ला सकें। नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत सर्वे, जमीनी स्तर पर की जा रही कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा करते हुए पूर्व में स्वीकृत अंदरूनी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिया गया। अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# नेवई में पिता की पिटाई का बदला लेने मनोरोगी की पीट-पीटकर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## धनुष ने मुक्तानंद की पत्नी के साथ नेवई थाने जाकर अपने साथ हुई पिटाई की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पिता की पिटाई का बदला लेने के चक्कर में दो युवकों ने जघन्य हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया। पिता की पिटाई का बदला लेने के लिए बेटे ने अपने दोस्त के साथ मिलकर मनोरोगी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को वहीं चौक पर छोड़कर चले गए। मंगलवार की सुबह जब लोगों ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्टेशन मरोदा के लालता प्रसाद चौक पर मनोरोगी की लाश बरामद की। इस मामले में नेवई पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जिसमें उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह स्टेशन मरोदा के लालता प्रसाद चौक पर एक लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मुक्तानंद यादव (45 वर्ष) के रूप में हुई है। मुक्तानंद पिछले 11 साल से मानसिक रोगी है। उसके माता-



पिता उतई क्षेत्र में रहते हैं। वहीं मुक्तानंद की पत्नी और तीन बच्चे स्टेशन मरोदा में लालता प्रसाद चौक के पास रहते हैं। मुक्तानंद की हत्या के मामले में नेवई पुलिस ने दीपक यादव पिता धनुष यादव (26 वर्ष) और उसके दोस्त संतोष साहू को लाश मिलने के कुछ देर बाद हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने मृतक से मारपीट करने की बात स्वीकार कर ली है।

इस बीच धनुष यादव के बेटे दीपक यादव जब पता चला कि बेवजह मुक्तानंद ने उसके पिता की डंडे से पिटाई कर दी है। इसके बाद वह अपने दोस्त संतोष साहू को साथ लेकर मुक्तानंद की तलाश शुरू कर दी। देर रात मुक्तानंद उन्हें लालता प्रसाद चौक पर मिल गया। दीपक और संतोष ने डंडे से मुक्तानंद की बेदम पिटाई कर दी। पिटाई से जब मुक्तानंद अधमरा सा हो गया तो दीपक और संतोष वहां से भाग निकले। मंगलवार की सुबह मुक्तानंद की लाश मिलने पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो देर रात हुए घटनाक्रम के बारे में पुलिस को पता चला। इसके बाद पुलिस ने दीपक यादव और संतोष साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें दोनों ने मारपीट करना माना है। नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि दीपक यादव व संतोष साहू को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

### मनोरोगी की पीट-पीटकर हत्या



बताया जा रहा है कि मृतक मुक्तानंद की पत्नी स्टेशन मरोदा में अपना घर बनवा रही है। इसे देखने सोमवार की शाम को उसका रिश्तेदार धनुष यादव आया हुआ था। इसी दौरान वहां पर अचानक मुक्तानंद यादव आ गया और बिना कुछ कहे धनुष यादव को डंडे से पीटने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह मुक्तानंद को पकड़कर अलग किया। इसके बाद धनुष ने मुक्तानंद की पत्नी के साथ नेवई थाने जाकर अपने साथ हुई पिटाई की जानकारी दी। इस मामले में मुक्तानंद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने का हवाला देते हुए धनुष यादव ने थाने बुलाकर समझाइश देने कहा।

## खास खबर



### तेंदुआ की खाल के साथ बीजापुर के दो शिकारी गिरफ्तार

**बीजापुर (ए.)।** पड़ोसी राज्य तेलंगाना के मंचेरियल जिले के कोटापल्ली पुलिस ने बीजापुर के दो शिकारियों को गिरफ्तार कर इनके पास से एक तेंदुए की खाल जब्त की है। दोनों आरोपितों की पहचान दुर्गम पवन और बाबर खान के रूप में हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पवन ने दो वर्ष पहले बीजापुर जिले के बोदागुट्टा वन क्षेत्र में एक तेंदुए का शिकार किया था, तब से उसने शिकार किए गए तेंदुए की खाल को वन क्षेत्र में छिपा दिया था। कुछ संभावित खरीदारों को तेंदुए की खाल बेचने के लिए अलग-अलग बाइक पर अपने साथी के साथ मंचेरियल आते समय पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने कार्रवाई के लिए जब्त तेंदुए की खाल को वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया है।

### सट्टे-जुए की लत से परेशान मां-बाप ने कर दी बेटे की हत्या

**कबीरधाम।** कवर्धा शहर से लगे ग्राम घुघरीकला निवासी राजू 35 का शव उसके खेत में मिला। बताया जा रहा है कि मां-बाप ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कवर्धा शहर से लगे ग्राम घुघरीकला निवासी राजू 35 का शव उसके खेत में मिला। बताया जा रहा है कि मां-बाप ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली कवर्धा प्रभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की गई। जांच के दौरान मृतक के माता-पिता पर शक हुआ। जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पूछताछ में मां-बाप ने बताया कि मृतक कोई काम धंधा नहीं करता था और आए दिन जुआ-सट्टा में पैसा हारकर रुपए की मांग करता था। नहीं देने पर परिवार वालो के साथ मारपीट करता था। जिससे तंग आकर दोनों ने मिलकर खेत के बाड़ी में बिजली करंट लगाकर व गला दबा कर उसकी हत्या कर दी।

### 16 मवेशियों को बूचड़खाना ले जा रहे 4 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए.)।** रतनपुर पुलिस को मुखबीर के जरिये से सूचना मिला की कुछ व्यक्ति पालतू कृषक पशु बैल, बछड़ा को पैदल बिना किसी आवश्यक चारा पानी के क्रूरता पूर्वक हांकते हुए बूचड़खाना ले जा रहे हैं की सूचना पर थाना प्रभारी रतनपुर भा.पु.से. (प्रशिक्षु) अजय कुमार द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर थाना रतनपुर में टीम गठित कर मुखबीर की बताए। स्थान ग्राम परसदा के पास पालतू कृषक पशुओं को बिना आवश्यक चारा पानी के क्रूरतापूर्वक ले जाते हुए चार व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर गोल मोल जवाब देने पर कड़ाई व हिकमत अमली से पूछताछ करने पर बूचड़खाना ले जाना बताए, जिनके कब्जे से 16 नग पालतू बैल, बछड़ा कीमती 150000 रुपए को जप्त कर उक्त आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# रायपुर एम्स के हॉस्टल में एक मेडिकल स्टूडेंट ने की खुदकुशी

## इंटर्नशिप में फेल होने से डिप्रेशन में था छात्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर के एआईआईएमएस में एमबीबीएस पीजी इंटर्न कर रहे छात्र ने खुदकुशी कर ली। मृतक ओडिशा के भुवनेश्वर का रहने वाला था। रायपुर में होस्टल में रहकर पढाई कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, छात्र इंटर्नशिप में फेल हो गया था। यही वजह रहा होगी कि उसने आत्महत्या की है। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, इंटर्नशिप के रिजल्ट आने के बाड से छात्र डिप्रेशन में था। पुलिस के प्रथम दृष्टया से मृतक रंजीत ने कलाई में कोई मेडिसिन इंजेक्ट करके सुसाइड किया है। जब सुबह पड़ोस में रह रहे दूसरे छात्र ने उसे आवाज दी तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। साथ ही



रूम का दरवाजा खुला हुआ था। दूसरे छात्र ने जब मृतक के रूम के अंदर जाकर देखा, तो युवक बेसुध होकर बेड में पड़ा हुआ था। उसे आवाज लगाई जब कुछ हलचल नहीं हुई, तो उसने होस्टल प्रबंधन को सूचना दी। प्रबंधन मौके पर पहुंचा। इस दौरान जाकर देखने में युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मामले में आमानाका थाना प्रभारी ने बताया कि जांच जारी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का वजह सामने आएगा।

### दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर (ए.)।** छेड़ीखेड़ी स्कूल के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी सागर धीवर 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी करण यादव व सोनू यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी करण यादव 19 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अमित यादव, संदीप साहू, सागर व पप्पू यादव ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चाकू लहराते युवक पकड़ाए

**रायपुर (ए.)।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने चाकू लहराते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने स्टेशन चौक शराब दुकान के पास चाकू लहराते आरोपी आशीष कुमार अनंत 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने बजरंग चौक लाभांडी के पास चाकू लहराते आरोपी योगेश्वर गोश्वामी 20 वर्ष, सुरेंद्र निषाद 20 वर्ष व जागेश्वर गोश्वामी 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# एनएसपीसीएल की ठेका कंपनी में था कार्यरत झारखंड के युवक की पुरैना भिलाई में मौत





### परिजनों ने लगाई न्याय की गुहार

**भिलाई।** स्टोर पारा पुरैना में रहने वाले एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। दरअसल युवक झारखंड का निवासी था जो कि पुरैना के एनएसपीसीएल में ठेका एजेंसी के जरिए नौकरी कर रहा था। युवक स्टोरपारा में एक किराए के मकान में रह रहा था। घटना 19 मई की बताई जा रही है। रात को वह चाय पीने बाहर निकला इस दौरान तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। इसके बाद युवक के शव को सुपेला शास्त्री अस्पताल पीएम के लिए लाया गया। झारखंड से भिलाई पहुंचे मृतक के परिजनों ने इस पूरे मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के मूल रूप से झारखंड निवासी गौरी शंकर (33) एनएसपीसीएल की ठेका कंपनी गोबी में कार्यरत थे। वह स्टोर पारा में किराए के मकान में रहता है। 19 मई की रात 8:30 बजे चाय पीने के लिए बाहर गया हुआ था तभी तेज रफ्तार टाटा पिकअप ने उन्हें ठोकर मारी। हादसा इतना जोरदार था कि गौरी शंकर लहूलुहान हो गया। उसका काफी खून भी बह गया। आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं हादसे की सूचना परिजनों को दी गई। 20 मई को गौरी शंकर की मौत हो गई। इधर परिजन भी भिलाई पहुंच गए।

मंगलवार की सुबह मृतक के शव को सुपेला शास्त्री अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। इस दौरान मृतक के परिजनों का बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि गौरी शंकर के दो बच्चे हैं और उसकी पत्नी गर्भवती है। परिजनों का कहना है कि गौरी शंकर की मौत से उनके परिवार पर दुखों पहाड़ टूट पड़ा है। परिवार का सहारा छिन गया। परिजनों ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन परिजनों को दिया है।

### रेल्वे में नौकरी लगाने का झांसा देकर 24 लाख की ठगी, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से एक बड़ी खबर सामने आई हैं। जहां पर रेल्वे विभाग में टीसी की नौकरी लगाने का झांसा देकर 24 लाख रुपए की ठगी की गया हैं। सुत्रों के मुताबिक ये पूरा मामला बालोद स्थित गुरूर थाना का बताया जा रहा हैं। जहां पर दो युवकों ने गुरूर थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि, रेलवे विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर कुछ आरोपियों ने इन लोगों से लगभग 12-12 लाख रुपयों की ठगी की हैं। धोखाधड़ी करने वाले आरोपी का नाम अंकुश मिश्रा है। जिसे गुरूर थाना के पुलिस टीम ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया है।

जिसके बाद गुरूर थाना में रिपोर्ट दर्ज करने के दौरान प्रार्थियों ने बताया कि दल्लीराजहरा के निवासी आरोपी डुलेश कुमार साहू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर रेल्वे विभाग में टीसी की नौकरी लगाने के नाम पर उनसे 24 लाख रुपये की रकम ली थी, लेकिन उन्हें कोई नौकरी नहीं लगाई हैं। जिसके बाद प्रार्थियों ने इस पूरे मामले की थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके एक माह पूर्व ही गुरूर इस मामले में पुलिस की टीम ने एक आरोपी को अरेस्ट कर उसे जेल भेज दिया हैं। बतादें इस पूरे खेल का मुख्य आरोपी अंकुश मिश्रा को नागपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं,साथ ही उसे खिलाफ सख्त कार्यवाई की जा रही हैं।

## किराए के मकान में चार साल से थे लिव इन रिलेशन में, घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र का

# बिलासपुर में गुस्साए प्रेमी ने कर दी प्रेमिका की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रेमी द्वारा प्रेमिका की हत्या करने का मामला सामने आया है। चार साल से लिव इन रिलेशन में रहे दोनों के बीच सोमवार की रात को विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्साए प्रेमी ने निधि को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद वह भाग गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, जूना बिलासपुर कतियापारा निवासी निधि केंवट (23) उर्फ बिट्टू पुत्री सुखीराम केंवट की मंगला के यादव मोहल्ला निवासी शत्रुहन पटेल (26) की दोस्ती थी। इसके बाद उनमें प्यार हुआ तो दोनों



मंगला में ही किराये का कमरा लेकर साथ रहने लगे। पुलिस के अनुसार सोमवार रात को शत्रुहन रात में अपने लिए खाना निकाल रहा था। इस दौरान निधि ने अकेले अपने लिए खाना निकालने को लेकर विवाद करने लगी। जरा सी बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में शत्रुहन ने निधि को जोर से धक्का दे दिया।

इससे निधि का सिर दरवाजे से टकराया और वह गिर पड़ी। इसके बाद भी शत्रुहन ने उसे नहीं छोड़ा और कई बार पटका। इसके बाद वह गिरकर बेहोश होकर गिर गई। घबराहट में शत्रुहन बेहोश निधि को उठाकर बिस्तर पर लिटा दिया। इस दौरान उसे लगा कि निधि की मौत हो चुकी है इसलिए वह दरवाजा बंद कर भाग निकला। मंगलवार की सुबह आसपास के लोगों ने कमरे में शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेजा। इसके बाद आरोपी की तलाश शुरू की गई। जल्द ही पुलिस को उसका सुराग मिला और तखतपुर में आरोपी शत्रुहन को गिरफ्तार कर लिया।

### फूड इंस्पेक्टर को शासकीय कार्य में लापरवाही पड़ा महंगा, कलेक्टर ने किया सस्पेंड

**बिलासपुर (ए.)।** कोटा के खाद्य निरीक्षक शेख अब्दुल कादिर को सरकारी काम में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने कोटा एसडीएम से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर निलंबन की कार्रवाई और इस संबंध में आदेश भी जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार खाद्य निरीक्षक शेख अब्दुल कादिर पर अपने प्रभार क्षेत्र कोटा की राशन दुकानों का सतत् निरीक्षण नहीं करने, आम जनता की समस्याओं को ध्यान में नहीं रखने तथा राशन संबंधी उनकी समस्याओं को नजरअंदाज किये जाने का आरोप लगाया गया है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के प्रावधानों के तहत उनका निलंबन किया गया है। निलंबन अवधि में खाद्य निरीक्षक को जिला कार्यालय के खाद्य शाखा में अटैच किया गया है।

### 72 वाहनों का कटा चालान, जुर्माने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** शहर में नो-पार्किंग व तीन सवारी पर यातायात विभाग द्वारा 72 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव, शरद मसीह एवं यातायात टीम द्वारा शहर के जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गुडाखू लाईन, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाईन, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर, जलाराम स्वीट्स के सामने नो-पार्किंग में खड़े वाहनों एवं दुपहिया वाहनों में तीन सवारी पर कुल 72 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर 21600 रुपए जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### सीओ-सीसीडी विभाग में नॉन फाइनेंशियल मोटिवेशनल स्कीम के तहत उपहार वितरण समारोह का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने, वित्त वर्ष 2023-24 के चैथी तिमाही के लिए निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने और शानदार प्रदर्शन करने पर, इसकी सराहना हेतु नॉन फइनेंशियल मोटिवेशनल स्कीम के तहत, एक उपहार वितरण समारोह का आयोजन किया। इसका उद्घाटन 21 मई 2024 को सीओ एंड सीसीडी के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार द्वारा किया गया। यह उपहार वितरण कार्यक्रम 21 मई 2024 से शुरू होकर अगले 7 दिनों तक चलेगा। इस समारोह का आयोजन कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग द्वारा, 134 अधिकारियों और 980 कार्मिकों सहित अपनी पूरी टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उनके सम्मान करने के लिए किया गया। यह उपहार वितरण समारोह, उस पूरी टीम के समर्पण, कड़ी मेहनत और उनके उल्लेखनीय उपलब्धियों का प्रमाण है, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विभाग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार ने इस कार्यक्रम में, विभाग के 1114 कर्मचारियों को एनएफएमएस उपहारों के वितरण का औपचारिक शुभारंभ किया। जिसकी शुरुआत विभिन्न वर्गों के 10 कर्मचारियों को उपहार के वितरण के साथ की गई। श्री तरूण कनरार ने सम्मान प्राप्त उन सभी कर्मचारियों और पूरी टीम के प्रति हार्दिक आभार और सम्मान व्यक्त किया, जिन्होंने प्रबंधन द्वारा निर्धारित, विभिन्न स्तरों के उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने में अटूट प्रतिबद्धता और अथक प्रयास किये। एनएफएमएस उपहार में एक ट्रॉली बैग और लंच बॉक्स शामिल है।

### ओडिसा में मोदी की लहर, जनता भाजपा सरकार बनाने तैयार है - गजेंद्र यादव

**दुर्ग।** भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करने विधायक गजेंद्र यादव ओडिसा प्रवास पर है। आज ओडिसा ढेकानाल के प्राचीन शिव मंदिर में प्रार्थना कर भाजपा प्रत्याशी करूष्णा पात्र के पक्ष जनसंपर्क किया। पटनायक सरकार से परेशान ओडिसावासी बदलाव को तैयार उत्साह है, यहां भी मोदी की लहर है। जनता मोदी को तीसरे बार प्रधानमंत्री बनाने आतुर है। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव उड़ीसा में भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटाने दुर्ग शहर से 40 से अधिक कार्यकर्ताओ के साथ ओडिसा के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार कर रहे है। वे मोदी के विकसित भारत संकल्प के विजन को बताते हुए ओडिसा के जनता को कमल फूल छाप के निशान पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से विजय बनाने अपील कर रहे है। उन्होंने नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा की उड़ीसा की उन्नति और प्रगति के लिए प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाना जरूरी है। ओडिसा में बदलाव जरूरी है तभी युवा, महिला, किसान सहित समाज के सभी वर्ग का विकास संभव हो सकेगा। विधायक गजेंद्र ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ उड़ीसा के गांवों में जनसंपर्क कर उपस्थितजनों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने आव्हान किए।

### बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव की तैयारी

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चैधरी ने आगामी मानसून 2024 में बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर सुश्री चैधरी की अध्यक्षता में आज आयोजित बैठक में अधिकारियों को आपदा प्रबंधन हेतु एक्शन प्लान तैयार करने और सभी आवश्यकताओं को समय सीमा में पूर्ण करने कहा है। सभी वर्षामापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने कहा है। जिन तहसीलों में वर्षामापी यंत्र नहीं लग पाए है, वहां तत्काल वर्षामापी यंत्र स्थापित करने निर्देशित किया है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दूरभाष नंबर प्रचारित करने कहा है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष 1 जून 2024 से 24 घंटा कार्यरत किया जाएगा।

### तीन गांव के मेधावी बच्चे अगासदिया डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान से विभूषित

**दुर्ग।** जिले के विभिन्न गांवों के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के विद्यार्थियों ने मेरिट में आकर इतिहास रचा है । ये सभी मेरिटधारी बच्चे पिछड़ी जाति के सामान्य परिवार के संघर्षशील बच्चे हैं । अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा सदस्य बद्रीप्रसाद पारकर एवं मुनीलाल निषाद ने क्रमशः स्मृति नगर, जेवरा सिरसा एवं रसमड़ा जाकर मेधावी बच्चों को दुपट्टा, पुस्तकें, सम्मान पत्र एवं कलम देकर सम्मान किया । जेवरा सिरसा गांव की भावना साहू के पिता फल की दुकान लगाते हैं। भावना ने बारहवीं में प्रवीण्य सूची में स्थान बनाया।
खालसा पब्लिक हायर सेकेण्डरी के छात्र यशंवत कुमार पारकर ने मेरिट में दसवें स्थान प्राप्त किया।

# विशेष अभियान चलाकर 15 जून के भीतर राजस्व संबंधी प्रकरणों का करें निराकरणः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर 15 जून के भीतर राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में राजस्व संबंधित होने वाली गतिविधियों की गहन समीक्षा की।**



बैठक में उन्होंने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों से राजस्व संबंधी लंबित मामलों की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने को कहा। उन्होंने विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन एवं नक्शा सुधार के कार्यों को समितियों से जानकारी लेकर नंबरदार के साथ पटवारी से समन्वय कर खाता विभाजन के कार्यों को सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामांतरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने नक्शा बटांकन के कार्यों के संबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर जमीन की वस्तुस्थिति जांच कर नक्शा बंटाकन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने शासकीय एवं सामाजिक संस्थाओं को भूमि का आबंटन हेतु प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। सामाजिक संस्थाओं से संबंधित जमीन के मामलों को भी शीघ्रता से समय सीमा के भीतर पूर्ण करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को सामाजिक संस्था का परीक्षण करने को कहा, ताकि एक समाज को एक ही जमीन आबंटित हो सके।

बैठक के दौरान उन्होंने वृक्ष कटाई के अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को जल भराव की स्थिति वाले स्थानों सहित स्कूल, आंगनबाड़ी इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण कर मरम्मत करने को कहा, ताकि बारिश के समय जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। भीड़-भाड वाले जगहों के सूखे वृक्ष एवं दीवार जो गिरने की स्थिति में है, उसे बारिश से पूर्व मरम्मत करने को कहा।

साथ ही जर्जर स्कूल भवनों का बारिश के पूर्व ही जीर्णोद्धार किए जाने को कहा। कलेक्टर ने सभी तहसीलदार को तहसील परिसर को साफ-सुथरा, हरा-भरा एवं सुव्यवस्थित रखने को कहा। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों की जानकारी और वसूली की मासिक जानकारी की विस्तार से समीक्षा की।

### गर्मी में पेयजल आपूर्ति पर दें विशेष ध्यान

कलेक्टर चौधरी ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने कहा। पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर निदान करने के निर्देश दिए। जिन स्थानों में पानी की समस्या आ रही है एवं जहां लीकेज पानी की पाईप लाईन नाली में जा रही है ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्राथमिकता से लीकेज पेय जल पाईप लाइन्स की मरम्मत एवं पेयजल के वैकल्पिक सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, भिलाई नगर निगम आयुक्त देवेश ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज, लवकेश ध्रुव, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार एलएलआर उपस्थित थे।

# जो मिक्स कचरा दे रहे है वो सीख ले, और जो अलग-अलग दे रहे है उनका थैंक्स

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने उस अपार्टमेंट के पदाधिकारियों को थैंक्स कहा जो गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर दे रहें है। वहीं कुछ पदाधिकारियों को सीख लेने की हिदायत दी। उन्होंने मंगलवार को नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में बने अपार्टमेंट सोसायटी के पदाधिकारियों की बैठक ली।**



आयुक्त मोनिका वर्मा ने लगभग 20 दिनों की समझाईस के बाद भी गीला और सूखा मिक्स कचरा देने वाले चिन्हित अपार्टमेंट के पदाधिकारियों को चर्चा पे बुलाया। उन्होंने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कचरा अलग-अलग नहीं देते है तो निगम कर्मी कचरा नहीं उठाऐंगे। कचरा नाली व खुले स्थान में फेंकते पाए गए तो एक्ट के तहत जुर्माना कार्यवाही की जाएगी। इस बैठक में निगम सचिव रोहित साहू, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पानी की समस्या होने पर टैंकर से आपूर्ती

अपार्टमेंट में बने सोसायटी के पदाधिकारियों का कहना था कि गर्मी में ग्राउंड वाटर लेबल नीचे चला गया है। आयुक्त ने कहा कि जिस अपार्टमेंट में पानी की कमी है वहां निगम टैंकर से पेयजल आपूर्ती करेगा।

### इन अपार्टमेंट को चेतावनी

मधुरिशा हाईट फेस-3, आकृति रेसिडेन्सी, शिल्प गंगा, आर.बाी. निवास द डस्टीनेशन, दीप वैली,न्यू पलाश टावर मधुरिशा हाईट फेस-2

### सहयोग करने पर आयुक्त ने इन्हें कहा थैंक्स

मयूरी हाइट्स, गार्डन, आकृति एक्सोटिका, बाला जी, शिल्प सागर, बसेरा, आशा अपार्टमेंट, दीप अपार्टमेंट, द वेव अपार्टमेंट

# अवैध प्लाटिंग करने वालो पर नगर निगम भिलाई ने की कार्यवाही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहका में खसरा क्रमांक 716 के 3 एकड़ भूमि पर किये जा रहे अवैध प्लाटिंग पर निगम प्रशासन एवं पुलिस बल की टीम ने कार्यवाही कर निर्माण किये गये अवैध बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त कर भूमि को मूल स्वरूप प्रदान किया।

भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर तहसीलदार गुरूदत्त पंच भाई, राजस्व अमला एवं पुलिस बल की संयुक्त टी ने कार्यवाही करते हुए ग्राम कोहका के खसरा नं. 716 के 3 एकड़ भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बनाये गये बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी के से गिराया गया। निगम को शिकायत प्राप्त हुआ था कि ग्राम कोहका के खसरा नं. 716/1 के तीन एकड़ भूमि पर बिना अनुमति के शिव बिहार कालोनी के नाम पर नई कालोनी बनायी जा रही है, जहॉ स्थित प्लाट पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा है।

संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वहां मुरूम डालकर बनाये गये बाउण्ड्रीवाल को जे.सी.बी. से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख, उपअभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, निगम का तोड़फोड़ दस्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनशिकायत एवं जनसमस्याओं के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक में जनशिकायत एवं जनसमस्याओं के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में की गई कार्यवाहियों की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था के तहत पानी सप्लाई पाईप लाइनों पर विशेष ध्यान देने तथा पाईप लिकेज होने पर आवश्यक सुधार कराने नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया।**

उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सूचित करें कि टेल एरिया के वार्डों तक शुद्ध पेयजल पहुंचायी जाए। पेयजल सप्लाई पाईप लाईन गंदी नालियों में न हो। कलेक्टर ने खाद-बीज भंडारण एवं उठाव की जानकारी ली। उन्होंने जिले के समितियों में खरीफबीज एवं खाद का भंडारण और उठाव समय पर कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही किसानों की आवश्यकता के मुताबिक बीज बोने के समय डाले जाने वाले खादों की आपूर्ति करने कहा। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी और सभी एसडीएम को कृषि सेवा केन्द्रों का निरीक्षण कर भंडारित खादों की जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को कम उठाव वाले क्षेत्र के किसानों को समय पर खाद-बीज का उठाव कराने हेतु प्रोत्साहित करने कहा है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जिले में पीएमश्री विद्यालय और आर.टी.आई. प्रावधानों के तहत बच्चों का प्रवेश की जानकारी लेते हुए कहा कि जिले के नगरीय निकायों में पंजीयन के आधार पर पीएमश्री विद्यालय का चयन किया जाना है। इसी तरह आर.टी.आई. के तहत गरीब बच्चों को कक्षा पहली से लेकर कक्षा बारहवीं तक स्कूलों में प्रवेश दिया जाना है। उन्होंने अब तक प्रवेशित बच्चों की अपडेट जानकारी उपलब्ध कराने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले के शासकीय स्कूल परिसर एवं खेल मैदानों में अतिक्रमण नहीं होना है। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों की स्थिति का अवलोकन करा लें। यदि किसी प्रकार की अतिक्रमण होने पर राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही कर शीघ्र हटायी जाए। स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनाने और शाला प्रवेशोत्सव आदि की तैयारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यों में प्रगति लाने के साथ बारिश पूर्व निर्माण व विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों के शारीरिक वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने की प्रक्रिया पर जोर देते हुए चिन्हित गांवों को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त बनाने सभी जनपद सीईओ को सीडीपीओ से समन्वय कर आवश्यक पहल करने कहा।

# नेहरू आर्ट गैलरी में डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटनः विभिन्न देशों के डाक टिकट किये गए प्रदर्शित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, चुमकी साहा एवं स्वर्गीय सुब्रत देव बर्मन द्वारा संग्रहित डाक टिकट की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन 20 मई 2024 को मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार द्वारा किया गया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 25 से अधिक देशों के विभिन्न प्रकार के टिकटों का एक विशाल संग्रह प्रदर्शित किया गया है।**



मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार ने श्रीमती चुमकी साहा तथा बीएसपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। तपन कुमार, अपनी पत्नी और अपनी बेटी के साथ इस प्रदर्शनी में शामिल हुए। इस अवसर पर महाप्रबंधक जेकब कुरियन, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, सामग्री प्रबंधन और जनसंपर्क विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित आर्ट क्लब के सदस्य, भिलाई के नागरिक और बड़ी संख्या में डाक टिकट संग्रहकर्ता भी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि ने प्रदर्शित स्टांप संग्रह में गहरी दिलचस्पी ली और श्रीमती चुमकी साहा के साथ इस प्रदर्शनी से सम्बन्धित बातचीत की। तपन कुमार ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा, इस प्रदर्शनी में फ़िलैटली की रोचक दुनिया का प्रदर्शन किया गया है। साथ ही इसमें विश्व के इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति, खेल और प्रकृति की एक अद्भुत झलक देखने को मिलती है। सचमुच यह एक दुर्लभ और अद्भुत प्रदर्शनी है। प्रदर्शित संग्रह में भारत, यूएसएसआर, जर्मनी, यूके, यूएसए सहित दुनिया के कई देशों के कमेमरेटिव टिकट, डिफ़िनिटिव टिकट, से-टेनेंट टिकट, मिलेट्री टिकट, लघु मिनीएचर शीट टिकट सहित विभिन्न प्रकार के डाक टिकट शामिल हैं। डाक टिकट इनको जारी करने वाले देश की परंपराओं और मूल्यों के प्रतीक भी हैं। श्रीमती चुमकी अपनी संग्रहित डाक टिकट प्रदर्शनी को स्वर्गीय श्री सुब्रत देवबर्मन को सपर्पित किया है। श्री सुब्रत देवबर्मन ने समान रुचि साझा करते हुए वर्षों पहले इनके साथ टिकटों का आदान-प्रदान किया था।

चुमकी साहा भिलाई की रहने वाली हैं और इनके माता-पिता दोनों बीएसपी में ही कार्यरत थे। अपने माता-पिता से ही इन्हें टिकट संग्रह का शौक विरासत में मिला। 50 देशों के 5000 से अधिक टिकटों के संग्रह के साथ, उन्होंने एक विविध और व्यापक वर्ग तैयार किया है। इनमें 1000 से अधिक टिकटों के साथ भारत एक विशेष स्थान पर है, उसके बाद जर्मनी और यूएसएसआर का स्थान आता है।

चुमकी लंबे समय के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से एक बार फिर अपने संग्रह को प्रदर्शित करने का अवसर पाकर अभिभूत हैं। अपने मूल्यवान संग्रह के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। नेहरू आर्ट गैलरी में यह तीन दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी 22 मई 2024 तक हर दिन शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक आम जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी।

# तीन युवा अपनाएंगे वैराग्य व संयम का मार्ग, 24 से दीक्षा महोत्सव की होगी शुरूवात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। धार्मिक नगरी दुर्ग शहर के एक युवक व दो युवतियों ने संसारिक मोहमाया को त्याग कर वैराग्य व संयम के मार्ग पर चलने का फैसला किया है। मुमुक्षु सौरभ संचेती, मुमुक्षु प्रणिता बाफना, मुमुक्षु शैली बाफना 9 जून को राजस्थान के बेंगू शहर में श्री जैन भागवती दीक्षा ग्रहण करेंगे। इसके अलावा राजस्थान देशनुख निवासी मुमुक्षु सौरभ भूरा भी दीक्षा लेगें।**



इन चारो मुमुक्षु को परमपूज्य आचार्य प्रवर श्रीश्री 1008 श्री रामलालजी म.सा. दीक्षा दिलाऐंगे। मुमुक्षुओं के इस दीक्षा अवसर को यादगार बनाने दुर्ग में श्री साधुमार्गी जैन संघ द्वारा तीन दिवसीय दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया गया हैं। दीक्षा महोत्सव की शुरूवात 24 मई को होगी। पहले दिन संध्या 7 बजे त्रिवेणी संगम के संयम जीवन की अनदेखी यात्रा, 25 मई को संध्या 7 बजे संसार से वैराग्य की ओर विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुति, 26 मई को दोपहर 12.15 बजे स्वामीवात्सल्य, दोपहर 2 बजे अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया हैं। यह समस्त कार्यक्रम पुरानी गंडमंडी गंजपारा में आयोजित किए गए है। इसके पहले 26 मई को प्रातः 8.30 बजे समता भवन, शिवपारा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होकर पुरानी गंजमंडी गंजपारा पहुंचेगी। जहां मुमुक्षुओं का अभिनंदन किया जाएगा। रात्रि 7 बजे चेन्नई से पधारे प्रखर वक्ता सुरेश भाई द्वारा एक युद्ध स्वयं के विरूद्ध विषय पर जैन समाज के लोगों को मार्गदर्शन किया जाएगा।

दुर्ग शहर में दीक्षा महोत्सव के उपरांत दीक्षा की शेष विधान राजस्थान बेंगू में पूरी की जाएगी। यहां 9 जून को समता भवन में मुमुक्षु को शुभ मुहुर्त में जैन समाज के आचार्यो के सानिध्य में श्री जैन भगवती दीक्षा दिलाई जाएगी। दीक्षा ग्रहण करने वाले दुर्ग शहर निवासी मुमुक्षु सौरभ संचेती पिता स्व. महावीर संचेती 33 वर्ष के है। उन्होंने एम काम तक शिक्षा हासिल की है। इसी प्रकार मुमुक्षु प्रणिता बाफना पिता बसंत कुमार बाफना 27 वर्ष की है। उन्होंने बीसीए का कोर्ष किया। दीक्षार्थियों में मुमुक्षु शैली बाफना पिता दिनेश कुमार बाफना सबसे कम उम्र की है। कक्षा 12 वी तक शिक्षा प्राप्त शैली बाफना ने मात्र 22 वर्ष के उम्र में संयम के मार्ग में चलने का निर्णय लिया है। दीक्षार्थियो ने चर्चा में बताया कि संयम के मार्ग में जाने की प्रेरणा हमें दीक्षा महोत्सव में शामिल होने से मिली है। इस मार्ग में जो आनंद की अनुभूति है, वह हमें संसारिक जीवन में नजर नही आता है। हमारे दीक्षा लेने के फैसले से परिवार खुश है। हमारा परिवारा अपने आपको गौरवित महसूस कर रहा है। दीक्षा महोत्सव के आयोजन श्री साधुमार्गो जैन संघ दुर्ग ने मुमुक्षु के इस पहल की प्रशंसा की है। संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला, धर्मपाल बोथरा, महामंत्री ज्ञानचंद पारख, कोषाध्यक्ष अजय कांकरिया, सहमंत्री रमेश छाजेड, गौतम बांठिया के अलावा अन्य सदस्य दीक्षा महोत्सव की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950